तापमान
अधिकतम 30.6 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

हाईवे पर हर दिन ऐसा ही नजारा...




### ओवरलोड वाहनों से ढाई हजार

मिली जानकारी के मुताबिक शहर में चलने वाले ओवर लोड वाहनों से ढाई हजार रुपए प्रतिमाह लिया जाता है। यह ओवर लोड वाहन दुर्ग रायपुर, नागपुर, रसमड़ा राजनांदगांव समेत आसपास के क्षेत्रों से सुबह से रात तक सड़को पर दौड़ती नजर आती है। पहले टोकन सिस्टम चलता था लेकिन अब ट्रांसपोर्टर दलालों के माध्यम से अपने वाहनों को अंकित करा कर परिवहन विभाग को वाहनों की पहचान कराया जाता है। चेकिंग के दौरान वाहन को आरटीओ पकड़ती है तो बकायदा विभाग के अधिकारियों को मोबाइल से बातचीत कराकर वाहन को फ्री कराया जाता है।

### पुलगांव बायपास से धड़ल्ले से गुजर रहे वाहन

ओवर लोड वाहनों की चेकिंग पुलगांव चौक से लेकर बायपास दुर्ग में चेकिंग की जाती है। ओवरलोड वाहनों से पांच-पांच हजार तक की वसूली की जाती है। इसका प्रमाण उक्त दोनों चौकों पर आसानी से देखने को मिल जाया करता है? जहां परिवहन विभाग नियम कायदे को दर किनार कर ओवर लोड वाहनों से मोटी रकम वसूली जाती है। इसे लेकर ट्रांसपोर्टरों ने भी पूर्व में जिला प्रशासन को शिकायत किया था लेकिन कुछ दिन बंद होने के बाद फिर यह कार्य शुरु हो गया। ओवरलोडिंग, बगैर वैद्य दस्तावेजों वाले वाहन और लापरवाह ड्राइविंग पर केंद्रित अभियान कई बार चलाया गया। मगर हादसों में कोई कमी नहीं आई है परिवहन विभाग इसे लेकर लापरवाह है।

### नियमित होती है कार्रवाई

विभाग ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करती आ रही है। हर चौक चौराहों पर टीम के जवान तैनात रहकर चेकिंग करते है। ओवर लोड वाहनों पर पैनी नजर रखी जाती है।
**-मृत्युंजय पटेल,** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग



# रफ्तार बेलगाम : प्रमुख सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन, कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

### आरटीओ और पुलिस की जिम्मेदारी, लेकिन नहीं दिया जा रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर की सड़कों पर सबसे बड़ा खतरा केवल तेज गति नहीं, बल्कि ओवरलोड वाहनों और बिना वैद्य दस्तावेजों के दौड़ रहे वाहनों से है। हर दिन सड़क पर करीब औसतन 500 से अधिक ओवरलोड दौड़ रही है। वहीं, बगैर लाइसेंस, फिटनेस और परमिट वाले वाहनों पर सिर्फ खानापूर्ति की कार्रवाई परिवहन विभाग द्वारा किया जाता है? सड़क पर चलने वाले ओवरलोड वाहनों का कई चालको के पास वैधानिक दस्तावेज तक नहीं मिलता है। परिवहन विभाग सिर्फ टोकन से काम चला रही है। ओवर लोड वाहनों पर अंकुश लगाना छोड़ उन वाहनों पर मेहरबानी जता रही है। इस तरह के ओवर लोड वाहन आरटीओ के नियम कायदों तक का पालन नहीं करते है। परिवहन विभाग सिर्फ साल में एक बार ही वाहनों का फिटनेस चेक करती है। उसमें भी खानापूर्ति करती आई है। भिलाई-दुर्ग का स्वरुप अब महानगरों की तरह होता आ रहा है। यहां वाहनों की संख्या रोज बढ़ रही है। लेकिन ओवरलोड वाहन बड़ी संख्या में क्षमता से ज्यादा भार लेकर वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन पर परिवहन विभाग के जवानों नाके पर रोक कर वसूली किया जाता है। शासन को लाखों रुपए का चुना लग रहा है। इन ओवरलोड वाहनों से सड़क हादसा भी बढ़ रहा है। ओवरलोड वाहन हादसों की स्थिति में सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे वाहनों की ब्रेकिंग क्षमता प्रभावित होती है और नियंत्रण खोने की आशंका बढ़ जाती है। लगातार सामने आ रहे मौत के आंकड़ों से स्पष्ट हो रहा है कि ओवर लोड वाहन जिला दुर्ग में बेखौफ चल रहे है। चिंता की दूसरी वजह बिना वैद्य दस्तावेजों के सड़क पर दौड़ रहे वाहन हैं।

**भिलाई-दुर्ग में वाहनों पर हुई कार्रवाई**

खबरों के मुताबिक परिवाहन विभाग माह जनवरी 700, फरवरी 500, मार्च 600, अप्रैल 650, मई 700, जून 670 ओवर लोड वाहनों पर कार्रवाई की गई है। बावजूद हादसों को अब तक नहीं रोका गया है।

प्रवेश प्रारंभ
श्रेयस (प्रा.) I.T.I.
Affiliated By : NCVT & DGET)
New Delhi (Govt. of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राइवेट, ओपन, पत्राचार, नियमित)
अनुभवी प्रशिक्षक
पता: ग्राम व पोस्ट ढौर (जामुल), जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9479207995, 9993776717, 9755112637

## खबर संक्षेप

### नशीली दवाओं के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि रामपुर चौराहा चौक, अहिवारा रोड कुम्हारी के पास युवक कार सीजी 25-0516 में नशीली अल्प्राजोलम टैबलेट बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा था। कुम्हारी पुलिस को सूचना मिलने पर घेराबंदी कर कार को पकड़ा गया। कार से पुलिस ने नशीली दवा 20 पत्ती, 1000 नग अल्प्राजोलम टैबलेट, नगदी जब्त किया है। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम केवल्य पार्क एलआईजी-31, ग्राम परसदा, थाना कुम्हारी निवासी मो. अनवर बताया है। आरोपी के पास से 1000 नग दवा कुल वजन 110 ग्राम , कीमत 4 लाख, कार 3 लाख, मोबाइल 5 हजार का बरामद किया है। उक्त सामानों की कीमत 8.5 लाख रुपए आंकी गई है।

### धारदार हथियार लहराने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लहराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्लॉटर हाउस, सुपेला के पास दो युवक अपने-अपने हाथों में धारदार हथियार लेकर लोगों को धमका रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने कृष्णा नगर, सुपेला निवासी एस. जोसवा राज,तेलगु पारा, सेक्टर-06 बी. डेविड को पकड़ा गया। दोनों के पास से पुलिस ने एक बड़ा धारदार हथियार और चापड़ जब्त किया है।

## भिलाई भाजपा में रार

### एससी मोर्चा अध्यक्ष ने कहा - नहीं कर पाऊंगा हाईफाई खर्च, तो जिलाध्यक्ष ने कहा इस्तीफा दे दो, पार्टी को तन, मन, धन तीनों की जरुरत

# 'समोसा-जलेबी बनाम पैकेट बंद नाश्ता', जिलाध्यक्ष और एससी मोर्चा अध्यक्ष का ऑडियो वायरल!

*छत्तीसगढ़ भाजपा के भिलाई जिले में संगठन के भीतर का अंदरूनी कलह और गुटबाजी अब खुलकर सामने आने लगी है। संत रविदास जयंती और आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर भाजपा भिलाई के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन और अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा के जिलाध्यक्ष खगेश कोसरिया के बीच तीखी बातचीत और विवाद का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। खगेश कोसरिया ने इसे लेकर प्रदेश स्तर पर शिकायत की है, वहीं जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का कहना है कि उन्होंने कार्यक्रम को कराने और अतिथियों के स्वागत की तैयारी की व्यवस्था को लेकर बात की थी। ये कहीं से गलत नहीं है। ऐसी स्थिति में उस ऑडियो को वायरल करना पूरी तरह गलत है। कुछ लोग ऐसा करके पार्टी की छवि को खराब करने की कर रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वायरल ऑडियो में एससी मोर्चा अध्यक्ष खगेश कोसरिया साफ कह रहे हैं कि उनके मोर्चा के कार्यकर्ता और समाज के लोग बेहद साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आते हैं। कई कार्यकर्ताओं की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में कार्यक्रमों के नाम पर उन पर अनुचित आर्थिक दबाव बनाना गलत है। हम कार्यकर्ताओं पर फिजूल का खर्चा नहीं डाल सकते, वरना वे पार्टी से दूर हो जाएंगे। किसी से मांगकर या भीख मांगकर हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम करने से बेहतर है कि हम कार्यकर्ताओं का स्वागत सम्मानजनक तरीके से चाय-समोसा, जलेबी और फूल-मालाओं से करें।

वहीं दूसरी ओर भिलाई भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने साफ शब्दों में कहा कि भिलाई में जिला स्तर के कार्यक्रमों का एक निश्चित मापदंड और स्टैंडर्ड है। रायपुर से विधायक पुर्णेंद्र मिश्रा और साजा विधायक ईश्वर साहू सहित कई नेता आ रहे हैं कल की बैठक में। ऐसे में खुला नाश्ता या साधारण व्यवस्था से भिलाई जिला की छवि प्रभावित होगी। पार्टी में काम करने के लिए 'तन, मन और धन' तीनों लगता है। मैंने खुद मंडल और प्रशिक्षण शिविरों में लाखों रुपए लगाए हैं। अगर आप लोग 6-7 हजार का खर्च या डिब्बाबंद नाश्ते (पैकेट) का इंतजाम नहीं कर सकते, तो पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं है। जो काम नहीं कर सकते, वे पार्टी छोड़ दें या लिखित में दें कि कार्यक्रम नहीं करा सकते।



फोटो-एआई

### कार्यकर्ताओं की आर्थिक स्थिति बनाम आयोजन का खर्च

इस पूरे घटनाक्रम ने भाजपा के भीतर जमीनी कार्यकर्ता बनाम बड़े आयोजनों के दबाव की बहस को जन्म दे दिया है। एक तरफ जहां एससी मोर्चा के अध्यक्ष कार्यकर्ताओं की आर्थिक तंगी का हवाला देकर सादगी से कार्यक्रम कराने की वकालत कर रहे हैं, वहीं जिलाध्यक्ष संगठन के कार्यक्रमों में अनुशासन और उच्च गुणवत्ता का हवाला देकर पद छोड़ने तक की चेतावनी दे रहे हैं। ऑडियो के मुताबिक खगेश कोसरिया ने साफ कहा कि वह अपने पास से इतना अधिक खर्च नहीं कर सकते हैं। कार्यक्रम में साधरणा रूप से समोसा , जलेबी व स्वागत के लिए फूल माला की व्यवस्था कर देंगे। जब जिलाध्यक्ष ने दबाव बनाया तो उन्होंने साफतौर पर उनके मुताबिक व्यवस्था करने से साफ मना कर दिया। सूत्रों के मुताबिक इस तीखी नोकझोंक और जिलाध्यक्ष के कड़े रुख के बाद मामला प्रदेश संगठन के शीर्ष नेताओं के दरबार में पहुंच सकता है।

### बैठक में आने से किया मना, मांगा लिखित जवाब

आयोजन में पैकेट बंद नाश्ता की व्यवस्था कर पाने में असमर्थता जताने के बाद जिलाध्यक्ष पुरुषोत्म देवांगन इतने नाराज हुए की उन्होंने खगेश कोसरिया को कल की बैठक में आने से मना कर दिया। उनहोंने कहा कि उनका हर कार्यक्रम एक लेबल का होता है। जिले में 7 मोर्चा और 17 प्रकोष्ठ हैं। सभी के कार्यक्रम का खर्च वो नहीं उठा सकते। यदि पदाधिकारी खर्च नहीं उठा सकते लिखित में दें कि वो पार्टी के लिए काम करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिले के कार्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान 15 लाख रुपए मंडल के कार्यक्रम में 12 लाख रुपए खर्च किए। वो पैसा किसी से मांगने नहीं गए। जो पदाधिकारी अपने कार्यक्रम में खर्च नहीं कर सकता है वो साफ बता दें। जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी का हर पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी के अनुसार पार्टी हित में होने वाले आयोजन करवाता है और उसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी भी लेता है। उन्होंने यहां तक कह डाला कि ऐसे पदाधिकारियों को लिखित में इस्तीफा दे देना चाहिए।

# प्रापर्टी डीलर ने बंदूक की नोक पर जमीन पर किया कब्जा, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लाइसेंसी बंदूक की नोक पर जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने प्रापर्टी डीलर के खिलाफ धारा 296, 351(2),308 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मालवीय नगर दुर्ग निवासी प्रविंदर सिंह चाने ने शिकायत की कि प्रापर्टी डीलर डिपरा पारा वार्ड 9 दुर्ग निवासी लाखन सिंह बायपास सिकोला में स्थित अंजनी मैरिज पैलेस के कैम्पस और उसके आसपास में लगे जमीन को वर्ष 2017-18 से कब्जा किया है।

जानकारी लगने पर पीड़ित ने पटवारी से संपर्क करने की जानकारी लाखन सिंह को होने पर पीड़ित को डरा धमका कर जमीन पर कब्जा कर लिया। उक्त जमीन को पीड़ित बेचने का प्रयास किया लेकिन लाखन सिंह के डर से जमीन को कोई खरीद नहीं रहा है। परेशान होकर लाखन सिंह को जमीन बेचने को मजबूर होना पड़ा। लाखन के साथ उसके आफिस में मीटिंग के लिए बुलाया था। लाखन ने अपनी लाइसेंसी बंदूक को सामने रखकर पीड़ित से रजिस्ट्री पेपर और जमीन के अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराया गया। सौदा होने के बाद भी जमीन का रकम नहीं दिया मांगने पर कानूनी प्रक्रिया में उलझाने की धमकी दिया। प्रापर्टी डीलर लाखन ने पूर्व में पीड़ित की पत्नी नम्रता चाने के नाम से विक्रय पंजीयन किया गया था जिसे लाखन ने विक्रेता को आपत्ति कराकर विक्रय पंजीयन कराया। लाखन ने पीड़ित को बेशकीमती जमीन को औने पौने कीमत पर बेचने को मजबूर किया। लाखन ने पीड़ित को धारा 338 के तहत जेल भेजने की धमकी भी दी थी। जमीन कारोबार को लेकर पिछले कुछ दिनों में भिलाई-दुर्ग में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। इसके चलते मारपीट और झगड़े की शिकायतें पुलिस तक पहुंच रही है। दो दिन पहले ही मोहन नगर थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी पर चाकू से हमला करने की घटना सामने आई थी। इसके बाद यह घटना सामने आई। बहरहाल पुलिस मिल रही शिकायतों की जांच कर रही है। इस मामलों में अपराध भी दर्ज किया गया है। बंदूक दिखाकर धमकाने वालों को पुलिस तलाश रही है।



- मोहन नगर पुलिस ने किया कार्रवाई
- पीड़ित ने एसएसपी से पहले की थी शिकायत

### लाखन ने वाट्सअप मैसज कर दिया धमकी

पुलिस ने बताया कि पीड़ित को प्रापर्टी डीलर लाखन सिंह ने वाट्सअप में मैसेज कर धमकी दिया था कि 290 खसरा नंबर में फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर रजिस्ट्री हुआ है। इसके अलावा नम्रता चाने को इस मामले में फसने की जानकारी देकर मैसेज को तुरंत डिलीट कर दिया। जिसे पीड़ित ने अपनो मोबाइल से स्क्रीन शार्ट लेकर सेव किया। पीड़ित के परिवार को लाखन सिंह ने जान से मारने तक की भी धमकी दे चुका है। पीड़ित जब भी घर के बाहर निकलने पर लाखन के लठैत उस पर नजर रखते है। बंदूक दिखाकर परिवार में भय भी बनाता है।

## 30 हजार की साइकिल समेत युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** साइकिल चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 6 महंगे साइकिल बरामद किए है। जिसकी कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि तेलगूपारा, मरोदा टंकी, नेवई निवासी आनंद पाटिल ने साइकिल चोरी होने की शिकायत पुलिस से किया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लोधीपारा, वार्ड क्रमांक 16, खैरागढ़ निवासी पवन जंघेल को पकड़ा गया। पुलिस ने आसपास में लले सीसी कैमरों को भी खंगाला गया था। लगभग दो माह में नेवई क्षेत्र के स्टेशन मरोदा बस्ती, बीआरपी कॉलोनी, मौहारी मरोदा, तेलगूपारा मरोदा सहित विभिन्न जगहों से 6 सायकल चोरी हुई थी। जिसे आरोपी पवन ने स्वीकार किया।



## नाबालिग वाहन चालकों पर शिकंजा

**भिलाई।** नाबालिग वाहन चालकों के कारण होने वाली सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के 37 नाबालिग वाहन चालकों के अभिभावकों की बैठक भी ली गई। अभिभावकों को बताया गया कि नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना न केवल मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि इससे स्वयं बच्चे एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के जीवन पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। नाबालिग वाहन संचालन से जुड़े कानूनी प्रावधानों, दंडात्मक कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं के संभावित परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई।

सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर
(25 वर्षों से नर्सिंग चिकित्सा, शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र मे अग्रणी संस्था)




12वीं (PCB) उत्तीर्ण एवं PNT परीक्षा में सफल विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर!
उपलब्ध पाठ्यक्रम:
B.Sc. Nursing (4 वर्षीय)
P.B.BSc. Nursing (2 वर्षीय)*
GNM Nursing (3 वर्षीय)
हमारी विशेषताएं:
- नवीन एवं आधुनिक सर्वसुविधायुक्त भवन
- अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण
- अत्याधुनिक नर्सिंग लैब एवं समृद्ध पुस्तकालय
- मेकाहारा, जिला अस्पताल, सी एच सी, पी एच सी, एन के डी पैरेंटल अस्पताल मे नियमित क्लिनिकल प्रशिक्षण
- 100% प्लेसमेंट

सीमित सीटें
आज ही अपना प्रवेश सुनिश्चित करें


ज्योति साहू
एम्स टॉपर

नया पता: अटल चौक, ग्राम पंचायत कार्यालय के पास, निर्मल ज्ञानोदय स्कूल के पीछे, सेजबहार रोड, बोरियाकला, रायपुर (छ.ग.)
पुराना पता: न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) www.cgnursing.com Follow us :
7722991707, 9993585707, 9993582707

### मौसम विभाग के रिकॉर्ड में बोरी में थोड़ी भी बारिश नहीं, 1 जून से अब तक 424 मिमी गिरा पानी

# मोबाइल पर वेदर अलर्ट के रिंग से घबराए लोग, दुर्ग में 17 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना मजबूत सिस्टम के असर से दुर्ग में बीती रात और सोमवार को दोपहर बाद जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब अगले 24 घंटे में और मजबूत होकर गहरे अवदाब में बदल सकता है। इसके प्रभाव से दुर्ग संभाग के अधिकांश क्षेत्रों में अगले चार दिनों तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। सोमवार को बारिश से ठीक पहले लोगों के मोबाइल पर मानसून अलर्ट का रिंग बजा, यह इतना तेज था कि लोग इसे सुनकर घबरा गए। उन्होंने फोन देखा तो वार्निंग लिखकर वेदर अलर्ट की जानकारी दी गई। संभवतः यह पहला मौका था, जब इस तरह का रिंग लोगों के फोन पर बचा। यह मैसेज मौसम विभाग द्वारा भेजा गया। इधर जिले में 1 जून से अब तक 424 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जबकि समान्य बारिश 462.2 मिमी है। इस प्रकार जिले में अब तक समान्य से 8 प्रतिशत तक कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। सोमवार को दुर्ग शहर में दिन में 16.6 और रात में 10 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा अहिवारा में 7.7 मिमी, भिलाई में 11, धमधा में 5.1, पाटन में 4.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बोरी में मौसम विभाग का रिकॉर्ड शून्य रहा, लेकिन वहां भी बारिश होने की खबर है।



### निचली बस्तियों और सड़कों में भरा पानी

बारिश के बाद दुर्ग और भिलाई शहर की निचली बस्तियों और मुख्य सड़कों में पानी जमा हो गया है। वहीं सेक्टर-1 पावर हाउस के पास बिजली विभाग के कार्यालय के सामने पानी जमा हो गया। इसके अलावा नेहरूनगर चौक स्थित गुरुद्वारा के सामने, कोसानाला, संजय नगर, हाउसिंग बोर्ड, टाउनशिप की कुछ जगहों पर पानी भर गया। इसी प्रकार दुर्ग में बांधा ताला, गयानगर, राजीव नगर, सिकोला बस्ती, बोरसी, पोटिया, पद्मनाभपुर सहित अन्य जगहों पर सड़क किनारे पानी जमा रहा। बारिश थमने के बाद पानी की निकासी हुई, कुछ जगहों पर देर शाम तक पानी जमा रहा।

### तीन दिन बारिश के आसर

मौसम विभाग के मुताबिक एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है है। वह इसलिए क्योंकि सिस्टम उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है। इसके साथ समुद्र तल पर बनी मानसूनी द्रोणिका छत्तीसगढ़ से होकर गुजर रही है, जबकि मध्य भारत के ऊपर सक्रिय ईस्ट-वेस्ट शियर जोन भी बारिश की संभावना बढ़ा रहा है। इन तीनों मौसमी सिस्टम के प्रभाव से अच्छी बारिश की स्थिति बन रही है। इसका असर दुर्ग संभाव के सभी जिलों में पड़ रहा है। मुख्य रूप से बालोद, बेमेतरा और राजनांदगांव जिले में बारिश के आसार हैं। दुर्ग जिले में भी अच्छी बारिश होने की संभावना बनी हुई है। सोमवार की देर शाम तक बारिश होते रही।

# नाली निर्माण में अनियमितता पर मेयर ने कहा- वॉटर फ्लो टेस्ट के बाद ही बनेगा देयक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में बन रही नालियों का महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान अनियमितता और लापरवाही सामने आने पर महापौर ने फ्लो टेस्ट के बाद ही भुगतान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर ने वार्ड 23 दीपक नगर, मालवीय नगर तथा वार्ड 16 सिकोला भाठा क्षेत्र में निर्माणाधीन नाली की जानकारी ली।

गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं जल निकासी व्यवस्था का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी नाली निर्माण स्वीकृत डीपीआर, स्वीकृत ड्राइंग एवं निर्धारित तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप ही किए जाएं। उन्होंने कहा कि नालियों में निर्धारित डिज़ाइन के अनुसार पर्याप्त एवं समान ढाल सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षा एवं अपशिष्ट जल का निर्बाध प्रवाह बना रहे और कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। कार्य प्रारंभ करने से पहले प्रारंभिक एवं अंतिम लेवल का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। निर्माण में उपयोग होने वाली सीमेंट, गिट्टी, रेत सहित सभी सामग्री निर्धारित गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप हो तथा नाली के जॉइंट्स, फिनिशिंग एवं सतह को मजबूत एवं समतल बनाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान सड़क, पेयजल पाइपलाइन, विद्युत पोल एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे तथा निकलने वाले मलबे का नियमित निष्पादन कर आवागमन सुचारु बनाए रखा जाए। लेकिन गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद नाली में पानी प्रवाहित कर वॉटर फ्लो टेस्ट कराया जाएं।

## महापौर ने बन रही नालियों का किया निरीक्षण, डीपीआर के अनुरूप निर्माण, बेहतर ढाल पर दिया जोर

### नियमित निगरानी के साथ प्राथमिकता के साथ कराया जाए काम

महापौर ने कहा कि परीक्षण में ढाल एवं जल निकासी संतोषजनक पाए जाने के बाद ही संबंधित कार्य का देयक तैयार किया जाए। सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ काम हो। नाली निर्माण कार्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य वर्षों तक सुचारु जल निकासी सुनिश्चित करना है। गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जाएगी। लोक कर्म विभाग के प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने कहा कि नगर निगम द्वारा सभी निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों को तकनीकी मानकों का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म विभाग के प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य निलेश अग्रवाल, पार्षद मनोज सोनी, उप अभियंता पंकज साहू, सिद्धार्थ साहू, उप अभियंता अपर्णा मिश्रा



### वार्ड 40 में नाली का घटिया निर्माण



शहर के वार्ड 40 सुराना कॉलेज वार्ड में बाबा आटा चक्की वाली लाइन में नाली का निर्माण घटिया किए जाने को लेकर लोगों ने शिकायत की। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता का आरोप लगाया है। निर्माण के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण क्षेत्रवासियों को पिछले 15 दिनों से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि निगम प्रशासन कुंभकर्णीय नींद में सोई हुई है। कोई अधिकारी वहां देखने नहीं गया गुणवत्ताहीन नाली निर्माण की जा रही है। वहीं पास में रहने वाली एक महिला का पैर फैक्चर हो गया है, उन्हें बहुत तकलीफ हो रही है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व पार्षद अलताफ अहमद, साहिल शर्मा, शानू सिन्हा, पाशी अली सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### आरसीएस में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। कारगिल क्षेत्र में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में भारतीय सेना ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तान के कब्जे से कई महत्वपूर्ण चोटियों को मुक्त कराया। इस सैन्य अभियान को ऑपरेशन विजय के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय सेना के पूर्व कर्नल एवं कारगिल युद्ध में शामिल हुए कर्नल ई. जे. जयकनणन, जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी, शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा और प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा उपस्थित हुए। डॉ. पूजा मल्होत्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उद्बोधन दिया।

### लिनेस क्लब ने कॉलेज को दिया वाटर कूलर

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में लिनेस क्लब भिलाई द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने लिनेस क्लब भिलाई की अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में सहयोग की अपेक्षा की। उल्लेखनीय है कि कन्या महाविद्यालय दुर्ग जिले की एक मात्र शास. कन्या महाविद्यालय है जहॉं लगभग 3500 छात्राएं जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अध्ययनरत है, इस अवसर पर लिनेस क्लब भिलाई की अध्यक्ष रेवेका बेदी, विभा भूटानी, सीमा यादव, श्री बरमेचा, दिनेश नालोडे जनभागीदारी सदस्य, डॉ. केएल राठी, डॉ. रेशमा लाकेश एवं छात्राएं और प्राध्यापक उपस्थित रहें।

### महापौर परिषद की बैठक आज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक मंगलवार 28 जुलाई को शाम 4 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में शहर के विभिन्न विकास कार्यों तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों और प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। महापौर परिषद की बैठक में शहर के विकास को गति देने वाले विभिन्न कार्यों, नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं आवश्यक निर्माण कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर नियमानुसार निर्णय लिए जाएंगे।

### गैरेज रोड पर हुआ आवागमन मुश्किल

# टाउनशिप की जर्जर सड़कों पर बढ़ा जोखिम जगह जगह गड्ढों में भरा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लंबे समय से मरम्मत मांग रहीं टाउनशिप की कई सड़कें बरसात का मौसम शुरु होते ही आवागमन को अधिक मुश्किल करने के साथ दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रही हैं। अत्यधिक व्यस्त सड़क गैराज रोड सहित सेक्टर 1, सेक्टर 3 और सेक्टर 2 रोड इतनी खस्ताहाल हो गई कि गड्ठों में सड़क है कि सड़क पर गड्ढे वाहनचालकों को समझ ही नहीं आता है। इस मामले में बीएसपी का नगर सेवाएं विभाग उदासीन बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने जल्द सभी जर्जर सड़कों को मरम्मत किये जाने की मांग की है।

टाउनशिप की कुछ प्रमुख और सहायक सड़कों के बदहाल होने का खामियाजा वाहनचालकों को भुगतना पड़ रहा है। लंबे समय से संधारण की मांग के बाद भी अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। बारिश के शुरु होते ही जर्जर सड़कों पर वाहनचालकों के लिए जोखिम बढ़ता जा रहा है। इस प्रमुख सड़कों पर डामर उखड़ने से जगह जगह इतने अधिक गड्ढे हैं आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं। बारिश होने पर गड्डों में पानी भर जाने से चालके दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। सबसे ज्यादा खस्ताहाल 32 बंगला फ्लाईओवर से सेक्टर 1 बचत स्तंभ चौक जाने वाले गैराज रोड यानी रेलवे एवेन्यू की है। इस रोड पर 15 घंटे तक ट्रैफिक होता है। पिछले कई साल से स्नेह संपदा स्कूल से सेक्टर 1 तक सड़क पर कई बड़े व गहरे गड्ठे होने से वाहनचालकों को वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। बारिश होने पर बीएसपी पंप हाउस से एचएससीएल कालोनी तक आधी सड़क डूब जाती है। वहीं गड्ठों के साथ भिलाई नगर स्टेशन के पास खटालों की गंदगी सड़क पर बहते रहती है।

## गड्डों में पानी भर जाने से चालक हो रहे दुर्घटना के शिकार



सेक्टर-3 की सड़क।



सेक्टर-2 की सड़क।



सेक्टर-6 की सड़क।



सेक्टर-1 की सड़क।

### सेक्टर 1 सड़क खस्ताहाल

सेक्टर 1 पानी टंकी निर्माण हेतु पाइप लाइन बिछाने के लिए सेक्टर 1 सड़क 5 के किनारे गड्ढे किए गए थे। गड्ढठे को अब तक न तो पाटा गया है और न ही सड़क का ही डामरीकरण किया गया है। मलबे को सड़क के किनारे छोड़ दिया गया। इस कारण लोगों के सड़क के किनारे से आवाजाही करना पड़ रहा है। बारिश में यह सड़क लोगों की परेशानी के साथ दुर्घटना का दावत दे रही है।

### गड्ठों से भरी सेक्टर 2 रोड

सेक्टर 2 सड़क भी कई स्थानों पर डामर छोड़ देने से गड्डों में पानी भरा हुआ है। परशुराम भवन के सामने और इसके आगे बड़े और गहरे गड्ढे हो गए हैं। सेक्टर एक व सेक्टर 6 जाने के लिए इस रोड पर सदैव ट्रैफिक होता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी अब तक गड्ढठों को भरा नहीं गया है। इससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### दुर्घटनाओं को दावत देती से. 3 सड़क

सेक्टर 1 मुर्गा चौक से सेक्टर 3 होते हुए बोरिया गेट तिराहे तक जाने वाली भट्ठी थाना सर्विस रोड पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। भारी वाहनों के आवाजाही से सड़क पर बडे और गहरे गड्ढे हो गए हैं। इसके चलते पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। गड्ठों में पानी भर जाने से सबसे ज्यादा दोपहिया चालकों को परेशानी हो रही है। वाहनचालकों को फ्लाईओवर के किनारे से घूमकर जाना पड़ रहा है। जर्जर सड़क से सबसे ज्यादा परेशानी सेक्टर 3 में रहने वाले पुलिस व सीआईएसएफ के जवानों को आवाजाही में हो रही है।

# सरपंचों ने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, पूरी नहीं होने पर अनशन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला सरपंच संघ के बैनरतले जिले के सरपंचों ने कलेक्टोरे पहुंचकर प्रदर्शन किया। दुर्ग, धमधा और पाटन सरपंचों ने इस दौरान प्रशासन को 17 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पर 30 दिनों के भीतर विचार नहीं किया जाता, तो उन्हें अनशन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। संघ के अध्यक्ष विनय चंद्राकर ने कहा कि प्रशासनिक और वित्तीय बाधाओं के कारण ग्राम पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

■ पंचायतों को अधिकार और वित्तीय स्वतंत्रता देने की मांग

उन्होंने मांग की कि ग्राम पंचायतों को अधिक अधिकार और वित्तीय स्वतंत्रता दी जाए। 50 लाख रुपये तक के विकास कार्य सीधे पंचायतों से कराए जाएं और ठेकेदारी व्यवस्था समाप्त की जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता और कार्यों में तेजी आ सके। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अपात्र हितग्राहियों को पात्र सूची में शामिल करने, आवास निर्माण की राशि बढ़ाकर 2.50 लाख रुपये करने और भूमि की कमी वाले हितग्राहियों को पहली मंजिल पर मकान बनाने की अनुमति देने की मांग की गई। 16वें वित्त आयोग की राशि में जिला और जनपद स्तर पर की जा रही 10-10 प्रतिशत कटौती समाप्त कर पूरी राशि ग्राम पंचायतों को देने की मांग भी उठाई।

साथ ही राशि का वितरण वर्तमान जनसंख्या के आधार पर किए जाने की बात कही। गौठानों में बची राशि का उपयोग गौ-हित में करने, गौधाम योजना शुरू करने, आवारा पशुओं के संरक्षण के लिए अलग बजट देने, घास भूमि को आबादी भूमि घोषित कर पात्र परिवारों को पट्टा देने और जल जीवन मिशन के कार्यों में ग्राम पंचायत से पूर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्य करने की मांग भी शामिल है। सरपंच संघ ने सरपंचों का मानदेय बढ़ाकर 20 हजार रुपये, उपसरपंचों का 5 हजार रुपये और पंचों का 2 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग रखी। साथ ही पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले सरपंचों को 5 हजार रुपये मासिक पेंशन देने की भी मांग की।

# सरस्वती नगर में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन, विजेताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



प्रधानमंत्री आवास योजना एसपी घटक अंतर्गत सरस्वती नगर आवास परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आवासीय परिसर के हितग्राहियों में राष्ट्रीय भावना, रचनात्मकता एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। नगर पालिक निगम दुर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सहायक अभियंता हरिशंकर साहू ने प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ ऐसे आयोजनों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सरस्वती नगर आवास परिसर का वातावरण उत्साह, उमंग एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत रहा। उपस्थित हितग्राहियों ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए नगर निगम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बिजली कर्मचारियों ने जाना दुर्घटना से बचने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत धमधा उपसंभाग और वितरण केंद्र के मैदानी अमलों में कार्यरत विद्युत कर्मियों हेतु धमधा वितरण केंद्र में

■ तकनीकी कर्मचारियों के लिए विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

निरीक्षण के साथ ही एकदिवसीय विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस मनोज द्वारा तकनीकी और ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने व लाइन



मेन्टेनेंस के विषय में जानकारी दी गई।

मनोज ने कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। ज्यादातर हादसे छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर सतर्कतापूर्वक बिजली का कार्य किया जाना चाहिये। उन्होंने मैदानी अमलों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत कनेक्शनों में सही अर्थिंग बहुत महत्वपूर्ण है, ये बात सभी उपभोक्ताओं को बताएं और स्वयं भी इसकी जांच करें। कार्यपालन अभियंता टीएल सहारे और अनसुईया ठाकुर ने मैदानी कर्मियों को सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज राड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करें और खराब होने पर तत्काल बदलें। अधिकारियों द्वारा सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार उपकरणों का उपयोग करना है इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया। कार्यक्रम में सहायक अभियंता धमधा एके धनकर, कनिष्ठ अभियंता धमधा राहुल गोपलानी सहित धमधा उपसंभाग और वितरण केंद्र के समस्त तकनीकी कर्मचारी उपस्थित हुए।

## गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान पर भाजपा की कार्यशाला

# गुरु के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करना उनका सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता उत्तर रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु ही व्यक्ति को ज्ञान, संस्कार और जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है।

उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद पहली बार संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर इतने व्यापक स्वरूप में मनाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रारंभ किया गया श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान





संत रविदास महाराज के समरसता, समानता, सेवा और मानवता के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। श्री मिश्रा ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के गुरु हैं। भारतीय जनता पार्टी देश के संतों, ऋषियों और महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। हमारी विचारधारा में कोई व्यक्ति छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी समान हैं और सभी का सम्मान करना भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है। मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ संतों, ऋषियों और तपस्वियों की पावन तपोभूमि है। यहां की संस्कृति सेवा, समरसता और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने बताया कि 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 संत गुरु रविदास महाराज जयंती तक जिले के सभी मंडलों और बूथों में श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत संगोष्ठियां, सामाजिक समरसता संवाद, सेवा कार्य, जनसंपर्क अभियान तथा विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में त्रिलोचन सिंह, गोपाल कृष्ण वर्मा, पूनम शुक्ला, चन्ना केशवलू, मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, विनोद सिंह, रश्मि सिंह, भारती साहू, मनोज तिवारी, पारस जंघेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तिरंगा यात्रा पर दिया मार्गदर्शन

साजा विधायक ईश्वर साहू ने हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है। भिलाई जिला प्रभारी रामजी भारती ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का जीवन समरसता, समानता, सेवा और मानवता का जीवंत संदेश है। उनके विचार समाज को जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर एकता एवं भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

# विधि मंत्री को वकीलों की समस्याओं से कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विधि विधायिका मंत्री गजेंद्र यादव से जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान नव नियुक्त प्रभारी लोक अभियोजक द्रोण ताम्रकार, शासकीय अभिभाषक सूरज शर्मा, संजय सिंह, अरविंद चंदेल, राकेश कुमार यादव, रमेश साहू, भावेश कटारे, लक्ष्मी साहू एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश शर्मा, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष साकेत मिश्रा, पुरुषोत्तम सोनारे मौजूद थे। संघ के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने संघ की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने का भरोसा दिलाया।

## खबर संक्षेप

### निकुम अटल नगर में अधेड़ ने लगाई फांसी

**निकुम।** रविवार शाम शाम 6.20 बजे अंडा की 112 टीम को इवेंट मिलते ही पुलिस अटल नगर भाटा पारा निकुम में सड़क किनारे बसे यादव परिवार के घर पहुंचते ही खिड़की में कपड़े से फंदे से लटके अधेड़ 47 वर्षीय संतराम यदु को पुलिस ने संभावित अचेत अवस्था में देखते ही आनन फानन में सीएचसी निकुम अस्पताल लेकर पहुंचे मेडिकल ऑफिसर नहीं होने से दुर्ग जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उस अधेड़ संत राम यदु को मृत घोषित किया गया, वहीं अंडा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### कुर्मी समाज ने मुक्ति धाम में पौधा रोपण की



**उतई।** डॉ. खुबचंद बघेल की 126 वी जयंती पर कुर्मी समाज द्वारा उतई नगर के मुक्ति धाम में पौधा रोपण किया। इस मौक़े पर समाज के लोगों ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। इस अवसर पर मोराजध्वज वर्मा, मोतीलाल, चंद्रिका प्रसाद, गणेश धुरंधर, महेंद्र वर्मा, हितेश वर्मा, देव आडिल, दौलत राम, सुषमा वर्मा, प्रदीप वर्मा, विवेक वर्मा, भूषण वर्मा, दिग्विजय वर्मा शिशुपाल वर्मा, नूरेश मढ़रिया, मुकेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### 41 छात्राओं को मिली साइकिल, बढ़ा उत्साह



**अण्डा।** शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुथरेल में कक्षा 9वीं की 41 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना, उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में शाला विकास समिति की अध्यक्ष एवं सरपंच गीता गजपाल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चुम्मन चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि, समिति सदस्य ब्रह्मानंद चंद्राकर, हेमेंद्र साहू, सरस्वती गजपाल, विद्यालय के प्राचार्य एस.के. गौतम, व्याख्याता वीके वर्मा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित थे।

### मटंग में निकाली जन जागरुकता रैली

**सेलूद।** ग्राम स्वास्थ्य समिति, मटंग के तत्वावधान में ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'दस्त रोको अभियान' के अंतर्गत एक भव्य जन जागरण रैली का आयोजन किया गया।

## निधन

### दादूराम सेन

**भिलाई।** कोहका निवासी दादूराम सेन उम्र 87 वर्ष का निधन हो गया।



वे सेन समाज सेवा समिति भिलाई के संस्थापक सदस्यों में से थे।वर्ष 1998 में बीएसपी से सेवानिवृत हुए थे। उनका अंतिम संस्कार उतई मुक्तिधाम में किया गया। वे संतराम सेन, कोमल प्रसाद श्रीवास, विमल सेन, चैन सिंह सेन एवं लोकेश्वर सेन तथा विमला सेन के पिता और विक्रांत सेन, राजा सेन, संजू सेन के दादा थे।

### श्याम शाह

**भिलाई।** एमआईजी 58 वैशाली



नगर निवासी शिव प्रसाद शाह की धर्मपत्नी श्याम शाह का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 जून को किया गया।

## सेल्फी और स्नान के दौरान बड़ा हादसा होने का खतरा

# टोला घाट में सुरक्षा के इंतजाम नदारद, तेज बहाव के बीच जान जोखिम में डाल रहे हैं पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ⏩ पाटन

लगातार हो रही बारिश के कारण खारुन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पाटन के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल टोला घाट और जमराव एनीकेट में बड़ी संख्या में लोग प्राकृतिक नजारे देखने पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। रविवार को जमराव एनीकेट में एक युवक तेज बहाव में बह गया, जिसकी देर शाम तक तलाश जारी रही। रविवार होने के कारण टोला घाट में सुबह से ही पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तेज बहाव के बावजूद कई युवक-युवतियां एनीकेट और नदी के किनारे खतरनाक स्थानों तक पहुंचकर स्नान करते और सेल्फी लेते नजर आए। कई लोग पानी के तेज बहाव के ऊपर चढ़कर वीडियो और फोटो बनाते रहे, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ गई।

सबसे चिंताजनक बात यह रही कि इतने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले पर्यटन

पुलिस ने लोगों को नदी के तेज बहाव से दूर रहने की दी समझाइश



स्थल पर सुरक्षा के नाम पर कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आई। नदी किनारे न तो प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती है और न ही किसी प्रकार की स्थायी बचाव टीम मौजूद है। चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग और सुरक्षा कर्मियों की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं होने से लोगों की लापरवाही लगातार बढ़ती जा रही है।

इसी बीच रविवार को जमराव एनीकेट में नहाने के दौरान एक युवक नदी की तेज धारा में बह गया। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची तथा युवक की तलाश शुरू की गई, लेकिन देर शाम तक उसका पता नहीं चल सका।

उधर, टोला घाट में पर्यटकों की अत्यधिक भीड़ के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया। कई वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे। स्थिति को नियंत्रित करने और यातायात सुचारु कराने के लिए पाटन पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और नदी के तेज बहाव से दूर रहने की समझाइश भी दी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में यहां हजारों पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में कोई विशेष सुधार नहीं किया जाता। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि टोला घाट और जमराव एनीकेट में स्थायी गोताखोरों की तैनाती, बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड, सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## किसानों ने की तीन वर्षों से लंबित मुआवजा भुगतान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩ पाटन



■ किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दरबार मोखली-बेलौदी मार्ग निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का लगभग तीन वर्षों से लंबित मुआवजा भुगतान कराने की मांग को लेकर प्रभावित किसानों ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी उत्तम ध्रुव (राजस्व) पाटन को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि उनकी भूमि सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा चुकी है, लेकिन अब तक उन्हें स्वीकृत मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। इससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है और वे मानसिक रूप से भी परेशान हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मंत्रालय स्तर पर आवश्यक मार्गदर्शन संबंधी दस्तावेज लंबित होने के कारण मुआवजा वितरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि लंबे समय से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। कई किसानों की आजीविका प्रभावित हुई है और वे अपनी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। प्रभावित किसानों ने शासन एवं प्रशासन से मांग की कि मंत्रालय स्तर पर लंबित औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि स्वीकृत मुआवजा राशि का जल्द भुगतान सुनिश्चित हो सके। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते समय किसानों ने प्रशासन से संवेदनशीलता के साथ मामले का निराकरण करने और वर्षों से लंबित भुगतान जल्द जारी कराने की अपील की। प्रशासन ने किसानों की मांग शासन स्तर तक पहुंचाने और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## विद्यार्थियों को गणवेश वितरण कर बोरी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ बोरी

विद्यार्थियों में शिक्षा, संस्कार और उज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से विगत दिवस पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) बोरी में संकुल स्तरीय 'शाला प्रवेश उत्सव' मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष पवन शर्मा रहे, वहीं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बोरी-लिटिया बीरबल पटेल ने की।

मिठाई खिलाकर नवप्रवेशी बच्चों का हुआ आत्मीय स्वागत कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विद्यालय में नए प्रवेश लेने वाले नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों का रोली-तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पवन शर्मा ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री व गणवेश वितरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की असली कुंजी है। इस अवसर पर विशेष अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल,




पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय उमरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, महामंत्री सूरज देशमुख एवं नीलांबर साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्या गुलनाज बानो, एसएमसी सदस्य पोषण सेन व संतोष पटेल, व्याख्याता राजेश शुक्ला, पल्लवी पवार, छाया सिंह, एचएम दीपिका बघेल आदि उपस्थित थे। वहीं 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान के तहत वृक्षारोपणशाला प्रवेश उत्सव के सफल समापन के पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत विशेष वृक्षारोपण किया गया।

## मचांदूर में भाजपाइयों ने सुनी 'मन की बात'

**उतई।** देश के पीएम नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 136वां एपिसोड सोमवार को ग्राम मचांदूर के बूथ क्रमांक 257 में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रमुख रूप से सुना गया। कार्यक्रम में भाजपा उतई मंडल के महामंत्री प्रवीण कुमार यदु विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात के माध्यम से देशवासियों को आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष धनराज साहू, नागेश्वर साहू, दिनेश साहू,वरुण निषाद,रामस्वरूप साहू, कमलेश साहू, राहुल यदु आदि उपस्थित थे।



## कारगिल विजय दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता में रितिका और निबंध स्पर्धा में प्रतिज्ञा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏩ अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त की थी। इस दिन हम अपने शहीद जवानों को याद करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद 527 शहीद जवानों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य गोविंद राम साहू ने कारगिल युद्ध और कैप्टन विक्रम बत्रा जैसे वीरों के बारे में बताया। विजय दिवस के अवसर पर शाला में उषा ठाकुर व प्रेमलता योगी के द्वारा शाला में प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें छात्रों ने बढ़कर भाग लिया।

प्रतियोगिता के पहले रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा देशभक्ति व जयघोष के नारे लगाए। कक्षा 12वीं की छात्रा भावना निर्मलकर के द्वारा कारगिल विजय दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया गया। साथ ही चित्रकला



प्रतियोगिता में प्रथम रितिका देवांगन कक्षा 10वीं, यशिमता देवांगन 12वीं, द्वितीय नंदिनी पटेल कक्षा 10वीं एवं प्रतीक कुमार कक्षा 11वीं, तृतीय खिलेश साहू कक्षा 9वीं व भूमिका साहू कक्षा 11वीं रही। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिज्ञा कक्षा 10वीं व प्रतीक्षा ठाकुर कक्षा 12वीं, द्वितीय दुर्गेश निर्मलकर कक्षा 10वीं, गरिमा देशमुख कक्षा 11वीं, तृतीय भूमिका साहू कक्षा 9वीं व ईशा निषाद कक्षा 11वीं रही साथ ही कक्षा 6वी की शारदा साहू ने कारगिल दिवस को चित्रकला के माध्यम से दिखाई। इस कार्यक्रम मे व्याख्याता भतेंद्र कुमार गंगराले, सरस्वती उमरे,रोहित देशमुख, देवश्री साहू,शैलेन्द्र साहू, मालती साहू, ममता तिवारी आदि उपस्थित थे।

## अंतर-विद्यालयीन क्विज प्रतियोगिता में मैत्री विद्या निकेतन रहा प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई

दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालयीन क्विज़ प्रतियोगिता में मैत्री विद्या निकेतन, रिसाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 20 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया।

■ दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई का आयोजन, 20 स्कूल के छात्र हुए शामिल

कड़े मुकाबले के बाद मैत्री विद्या निकेतन रिसाली, डीएवी हुडको, डीपीएस रायपुर और केपीएस ढूंढा की टीमें फाइनल में पहुंची। फाइनल में मैत्री विद्या निकेतन ने 550 अंक अर्जित कर निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 330 अंकों की प्रभावशाली बढ़त के साथ एकतरफा जीत दर्ज की। विजेता टीम में कक्षा 12वीं डी के अनिर्बान मुखर्जी और कक्षा 10वीं ए के सुधीर गजेंद्र शामिल थे। दोनों विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास और बेहतरीन टीमवर्क का परिचय देते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधन, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



## बाल कैबिनेट का गठन, छात्र-छात्राओं ने ली नेतृत्व की शपथ

**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंडा, संकुल अंडा, विकासखंड दुर्ग में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बाल कैबिनेट का गठन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षक सुरेंद्र कुमार सेन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न पदों के लिए छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

निर्वाचन के बाद चंचल साहू (कक्षा 8) को बाल प्रधानमंत्री, सृष्टि जोशी (कक्षा 7) को शिक्षा मंत्री, मोक्षिता (कक्षा 6) को स्वच्छता मंत्री, भाविका साहू (कक्षा 8) को खाद्य मंत्री, दिशा ढीमर (कक्षा 7) को पुस्तकालय मंत्री, जितेंद्र यादव (कक्षा 7) को खेल मंत्री, चमन निर्मलकर (कक्षा 8) को अनुशासन मंत्री तथा भूमि निर्मलकर (कक्षा 8) को छात्रा प्रतिनिधि चुना गया।

इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव सहित शिक्षक सुरेंद्र कुमार सेन, नीलिमा वर्मा, अनुरमा शुक्ला, भीमेश्वरी चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## नव-नियुक्त एल्डरमैनों ने शपथ ग्रहण समारोह में लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏩ पाटन

शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में नव-नियुक्त नामांकित पार्षदों (एल्डरमैन) का शपथ ग्रहण समारोह तुलसी मैरिज पैलेस, अमलेश्वर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से पाटन एसडीएम उत्तम ध्रुव ने नव-नियुक्त एल्डरमैनों को सत्यनिष्ठा एवं प्रतिज्ञान की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान नामांकित पार्षद सुनील शर्मा, भारती यादव, लक्ष्मी देवांगन,



हीरालाल साहू एवं रामाधार साहू को विधिवत शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में निकाय के विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा के प्रदेश मंत्री जीतेन्द्र वर्मा, सभापति नीलम चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, अजित ठाकुर, कैलाश यादव एवं केशव बंछोर विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने की। इस अवसर पर पीआईसी सदस्यगण आलोक पाल, रामेश्वरी ठाकुर, यामिनी यादव, राजू सोनकर, सोहन निषाद तथा पार्षदगण नीलम मिंज व ललिता साहू भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन का दायित्व मोहित शर्मा द्वारा निभाया गया। समारोह के समापन पर नगर पालिका अमलेश्वर की मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीति गुप्ता ने उपस्थित समस्त अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय के उप अभियंता प्रवीण कुमार साहू, उप अभियंता ढालेंद्र कुमार ठाकुर सहित कार्यालय के समस्त अधिकारी - कर्मचारी, कुमार साहू, रवि , मोहन सिंगौर, ओमप्रकाश साहू, मधुकान्ता साहू तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**दुर्ग।** दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वेलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# तीन महीने से पंप ऑपरेटरों को नहीं मिला वेतन, 7.26 लाख रुपए है बकाया

## जनदर्शन में आयुक्त से मिलने पहुंचे ठेका कर्मचारी लेकिन समय खत्म होने कहकर लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- जोन-2 के 14 ठेका पंप ऑपरेटरों में आक्रोश

नगर निगम भिलाई के जोन-2 कार्यालय के अंतर्गत कार्यरत 14 ठेका पंप ऑपरेटर पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। अपनी समस्या लेकर सोमवार को सभी ठेका कर्मचारी नगर निगम के जनदर्शन में आयुक्त से मिलने पहुंचे, लेकिन जनदर्शन का समय समाप्त होने का हवाला देकर उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। इससे नाराज और मायूस कर्मचारी बिना शिकायत दर्ज कराए वापस लौट गए।

कर्मचारियों के अनुसार वे ठेकेदार शंभु सिंह के अधीन कार्यरत हैं। पदनाम भले ही पंप ऑपरेटर का हो, लेकिन उनसे केवल पंप संचालन ही नहीं, बल्कि नाली निर्माण,



पाइपलाइन बिछाने और अन्य फील्ड कार्य भी कराए जाते हैं। पंप ऑपरेटरों का कहना है कि पिछले दो माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है और जुलाई माह भी समाप्त होने वाला है। ऐसे में लगातार तीन माह की मजदूरी अटकने से उनके सामने परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। कई कर्मचारियों ने बताया कि घर का राशन, बच्चों की पढ़ाई, बिजली बिल और अन्य जरूरी खर्च पूरे करना अब चुनौती बन गया है।

कर्मचारियों का आरोप है कि उनका निर्धारित मासिक वेतन 12,970 रुपए है, लेकिन उन्हें केवल 8,580 रुपए का भुगतान किया जाता है। वहीं पिछले दो माह का कुल बकाया वेतन 3 लाख 63 हजार 160 रुपए हो चुका है। यदि जुलाई माह का वेतन भी जोड़ दिया जाए तो यह राशि बढ़कर 7 लाख 26 हजार 320 रुपए पहुंच जाती है। सोमवार को कर्मचारी अपनी समस्या सीधे नगर निगम आयुक्त के समक्ष रखने की उम्मीद लेकर जनदर्शन पहुंचे थे, लेकिन जनदर्शन का समय समाप्त होने के कारण उन्हें आयुक्त से मिलने नहीं दिया गया। कर्मचारियों ने इसके पहले 9 जुलाई को भी आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत करा चुके हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे कई दिनों से वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। इस दौरान रमेश ठाकुर, घनश्याम मेश्राम, सूरज कुमार, मिलन कुमार, दिलेश्वर सहित बड़ी संख्या में पंप ऑपरेटर मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### कैशलेस चिकित्सा से कर्मचारियों को मिलेगी बड़ी राहत

**भिलाई।** सिविक सेंटर कला मंदिर भिलाई में छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा कैशलेस चिकित्सा क्रियान्वयन महासम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पहले कर्मचारियों को इलाज के लिए अपनी जेब से पैसा खर्च करना पड़ता था और बाद में क्लेम करने पर राशि मिलती थी। अब कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था लागू होने से कर्मचारियों को सीधे अस्पताल में बिना किसी भुगतान के इलाज मिलेगा। यह व्यवस्था कर्मचारियों के लिए बहुत बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि कैशलेस चिकित्सा की मांग कर्मचारियों द्वारा बहुत लंबे समय से की जा रही थी। आज सरकार द्वारा इस मांग को पूरा कर दिया गया है। यह निर्णय कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। अब स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ, त्वरित और पारदर्शी बनेंगी। इससे कर्मचारियों को समय पर उपचार मिल सकेगा और आर्थिक बोझ भी कम होगा। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक राकेश सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उषा चंद्राकर, लिखेश वर्मा, मिर्जा कासिम बैग, प्रदेश संयोजक पीयूष गुप्ता, विजय कोचेंद्र, रमेश नैनी, विनोद सिंह और कैशलेस चिकित्सा सेवा के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### उरला में प्लांट, 20 टंकियां, 180 किमी पाइपलाइन फिर भी अधूरी रह गई जल आवर्धन योजना

# 103 करोड़ बहाए, फिर भी प्यासे भिलाई-3 चरोदा के लाखों लोग, खारून से घर-घर शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना फेल

सुवांकर रॉय ▶▶| भिलाई

किसी भी शहर के विकास की पहचान उसकी सड़कें, बिजली और पेयजल व्यवस्था होती है। भिलाई-3 चरोदा में पेयजल संकट खत्म करने के लिए एक दशक पहले जिस महत्वाकांक्षी जल आवर्धन योजना की नींव रखी गई थी, आज वही योजना करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद सवालों के घेरे में है। यह योजना सिर्फ पाइपलाइन बिछाने या टंकियां बनाने तक सीमित नहीं थी। मकसद था शहर के प्रत्येक घर तक खारून नदी का शुद्ध पानी पहुंचे, लोगों को बोरवेल और हैंडपंप पर निर्भर न रहना पड़े और आने वाले 30 वर्षों तक पेयजल संकट समाप्त हो जाए, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं, कई निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं, लेकिन शहर का बड़ा हिस्सा आज भी भूमिगत जल स्त्रोतों पर निर्भर है।

परियोजना दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 2014 में भिलाई-3 चरोदा नगर पालिका ने अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम फॉर स्मॉल एंड मीडियम टाउन्स यूआईडीएसएसएमटी के तहत जल आवर्धन योजना तैयार की। परियोजना की प्रारंभिक स्वीकृत लागत 99.62 करोड़ रुपए थी। बाद में संशोधन, अतिरिक्त कार्यों और लागत वृद्धि के साथ यह राशि लगभग 103 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। योजना का मूल उद्देश्य था कि शहर के लिए पानी का स्थायी स्त्रोत खारून नदी बने। नदी से कच्चा पानी उठाकर आधुनिक जल शोधन संयंत्र में साफ किया जाए और फिर विशाल पाइप नेटवर्क के माध्यम से पूरे शहर में सप्लाई की जाए। परियोजना से जुड़े जानकारों का दावा है कि जिस स्थान से खारून नदी का पानी लिया जाता है, उसके आसपास रायपुर क्षेत्र से आने वाला गंदा और दूषित पानी भी नदी में मिल जाता है। उनका कहना है कि इस कारण कच्चे पानी में प्रदूषण का स्तर अधिक हो गया। दावा यह भी है कि फिल्टर प्लांट में कई तकनीकी प्रयास किए गए, लेकिन पानी को पूरी तरह शुद्ध और पीने योग्य बनाने में सफलता नहीं मिली।

### हजारों परिवार आज भी बोरवेल और हैंडपंप जैसे भूमिगत जल स्त्रोत के भरोसे



### 2046 की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनी थी योजना

दस्तावेज बताते हैं कि योजना केवल तत्काल जरूरतों के लिए नहीं थी। इसे वर्ष 2046 तक की अनुमानित आबादी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया। परियोजना में अनुमान लगाया गया था कि 2011 में आबादी लगभग 97,985, 2016 में 1,06,480, 2031 में 1,32,450 और 2046 में 1,60,470 तक पहुंच जाएगी। इसी आधार पर भविष्य की जल मांग का भी आकलन किया गया। परियोजना के अंतर्गत खारून नदी को जल स्त्रोत बनाकर वहां से कच्चे पानी के संग्रहण की व्यवस्था की गई। इसके बाद पानी को शुद्ध करने के लिए उरला में 27 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया। प्लांट से जुड़े 1350 किलोलीटर क्षमता के सम्प वेल और उच्च क्षमता वाले पंप हाउस का भी निर्माण किया गया। करीब 39.5 किलोमीटर लंबी क्लियर वाटर मेन पाइपलाइन बिछाई गई, जबकि मोहल्लों और घरों तक पानी पहुंचाने के लिए लगभग 1 लाख 79 हजार 683 मीटर करीब 180 किलोमीटर वितरण पाइपलाइन का नेटवर्क तैयार किया गया। शहर के विभिन्न इलाकों में पानी के भंडारण और वितरण के लिए 20 ओवरहेड पानी की टंकियों का निर्माण किया गया। योजना का लक्ष्य वर्ष 2046 तक 21 हजार से अधिक घरेलू जल कनेक्शन देकर शहर की अनुमानित आबादी को नियमित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था।

### आज भी नलों से आता है गंदा पानी

शहर के कई इलाकों में आज भी जल आवर्धन योजना के तहत आने वाला



पानी साफ नहीं माना जाता। नागरिकों का कहना है कि पानी में गंदलापन और बदबू बनी रहती है। अधिकांश परिवार इस पानी का उपयोग केवल कपड़े धोने, शौचालय, सफाई और अन्य घरेलू कार्यों के लिए करते हैं। पीने और खाना बनाने के लिए लोग अब भी वैकल्पिक व्यवस्था पर निर्भर हैं। स्थिति यह है कि जिन ओवरहेड टंकियों को जल आवर्धन योजना के तहत शुद्ध पानी से भरना था, उनमें अब कई स्थानों पर बोरवेल या अन्य स्त्रोतों से मोटर के जरिए पानी भरकर घरों तक सप्लाई की जा रही है।

### 20 टंकियों का नेटवर्क की गई तैयार

जानकारी के अनुसार हाथखोज, उडमा, दादर, भाठापारा, पंचशील नगर, पद्धुम नगर, वसुंधरा नगर, शांतिपारा, एकता नगर, डबरापारा, गांधी नगर, प्रगति नगर, उरला, देवबलोदा, सगरपारा, सिरसाकला, सोमनी, मोरिद, गनियारी और हाउसिंग कॉलोनी सहित कुल 20 स्थानों पर ओवरहेड टैंक बनाना था, लकिन सिर्फ 14 ही बनाए गए। 5 ओवरहेड टैंक पहले से ही मौजूद थे। इनकी कुल भंडारण क्षमता 7232 किलोलीटर निर्धारित की गई थी। योजना के तहत छोटे से बड़े व्यास तक की पाइपलाइन बिछाई गई। सबसे अधिक लगभग 1.40 लाख मीटर 110 मिमी एचडीपीई पाइप बिछाई गई। इसके अलावा 160 मिमी, 200 मिमी, 250 मिमी, 300 मिमी, 350 मिमी और 400 मिमी व्यास की पाइपलाइन भी नेटवर्क का हिस्सा थीं। कुल वितरण पाइपलाइन लगभग 180 किलोमीटर से अधिक लंबाई की थी।

### 103 करोड़ की योजना इस वजह से हुई फेल

स्थानीय लोगों और परियोजना से जुड़े जानकारों के अनुसार योजना की सबसे बड़ी समस्या फिल्टर प्लांट की कार्यप्रणाली रही। बताया जाता है कि खारून नदी से पाइपलाइन के माध्यम से लाया गया पानी फिल्टर प्लांट में पूरी तरह शुद्ध नहीं हो पा रहा था। घरों तक पहुंचने वाला पानी अक्सर मटमैला, बदबूदार और पीने योग्य नहीं था। कई मोहल्लों में लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम से की। शिकायतें बढ़ने के बाद नगर निगम ने सार्वजनिक रूप से लोगों को सलाह दी कि जल आवर्धन योजना के पानी का उपयोग पीने के लिए न करें। इस घोषणा के बाद यह योजना अपने मूल उद्देश्य से लगभग भटक गई। जिस पानी को पीने योग्य बनाकर घर-घर पहुंचाया जाना था, वही पानी केवल निस्तारी कार्यों तक सीमित होकर रह गया।

### पानी लाने प्रस्ताव भेजा गया है

“ मोरिद जलाशय से उरला फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाने का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। एनओसी मिलने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। इससे नागिरकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगेगा।

**डोमनलाल कोर्सेवाड़ा,** विधायक

### पानी की कोई समस्या नहीं

“ जल आवर्धन योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाया जा रहा है। पानी की कोई समस्या नहीं है। मोरिद जलाशय से फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाने की योजना की जानकारी नहीं है।

**डीएस राजपूत, आयुक्त नगर निगम भिलाईतीन-चरोदा**

### महापौर ने नहीं दिखाई दिलचस्पी

“ कांग्रेस की शहर सरकर ने पांच सालों में फिल्टर प्लांट को व्यवस्थित करने की देशा में कोई रुचि नहीं दिखाई। अगर महापौर निर्मल कोसरे ने दिलचस्पी दिखाई होती तो आज जल आवर्धन योजना के तहत लोगों को मटमैला पानी की जगह शुद्ध पीने योग्य पानी उपलब्ध होता।

**रामखिलावन वर्मा,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम भिलाईतीन-चरोदा

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अपग्रेड करना था

“ खारून नदी के पानी की गुणवत्ता अपेक्षा से अधिक खराब थी, तो नगर निगम को समय रहते वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को अत्याधुनिक तकनीक से अपग्रेड करना चाहिए था। उन्नत फिल्ट्रेशन प्रणाली, आधुनिक जल शोधन तकनीक और अतिरिक्त उपचार व्यवस्था विकसित कर पानी को पूरी तरह पीने योग्य बनाया जा सकता था। इस दिशा में महापौर ने कोई काम नहीं किया।

**सुब्रत दासगुप्ता,** पार्षद पति

## सीआईएसएफ के सात जवानों पर गिरी निलंबन की गाज

- बीएसपी में स्क्रैप व कोक चोरी का मामला

**भिलाई।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 7 कर्मचारियों पर सस्पेंशन की गाज गिरी है। इस कार्रवाई को भिलाई इस्पात संयंत्र में करोड़ों की हुई लौह सामग्री और आस्ट्रेलियन कोक की चोरी के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। थोक में जवानों के निलंबन से बीएसपी व सीआईएसफ में हड़कंप है। सूत्रों के मुताबिक गत दिनों बीएसपी में हुए 250 टन स्क्रैप व कोक चोरी के मामले की पुलिस व विभागीय जांच के बाद दो लोगों के गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद और अन्य संदिग्धों पर कार्रवाई होने की चर्चा थी। अब सुरक्षा मे लापरवाही बरतने पर बल के सात जवानों को सस्पेंड कर दिया गया है। बीएसपी से स्क्रैप और कोक चोरी का मामला सामने आने के बाद बीएसपी प्रबंधन ने भी विभागीय जांच कराई। इसमें महाप्रबंधक हिमांशु भूषण मलिक, इंजीनियर एसोसिएट मनोज कुमार देवांगन और नॉन-एग्जीक्यूटिव धनंजय वर्मा को सस्पेंड किया गया। पुलिस ने महाप्रबंधक हिमांशु भूषण मलिक और इंजीनियर मनोज देवांगन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में दुर्ग पुलिस अब तक बीएसपी के जीएम, नॉन-एग्जीक्यूटिव, ट्रांसपोर्टर, सुपरवाइजर समेत 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बाद पुलिस ने बीएसपी की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के अधिकारियों और जवानों से पूछताछ शुरू की। निरीक्षक, प्रधान आरक्षक और आरक्षक समेत 7 लोगों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दायरे में आए जवानों को ही सस्पेंड किया गया है।

### विभागीय जांच भी जारी

जानकारी के मुताबिक सीआईएसएफ में भी विभागीय तौर पर जांच की जा रही है। पता चला है कि विभागीय जांच में उक्त सातों जवानों की भूमिका सुरक्षा की दृष्टि से लापरवाहपूर्ण पाई गई है। मामले में सीआईएसएफ ने 2 बड़े अधिकारियों का तबादला भी किया था। सात जवानों के निलंबन की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। सीआईएसएफ के आला अधिकारियों से मोबाइल पर संपर्क करने पर रिस्पांस नहीं मिला। वहीं बीएसपी प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक प्रबंधन को निलंबन की जानकारी नहीं है।

## विद्युत और ट्यूबलर पोल से हटाए गए प्रचार सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से लगाए गए बैनर और पोस्टर हटाने की कार्रवाई की जा रही है। निगम की टीम द्वारा सड़कों और प्रमुख मार्गों पर स्थापित ट्यूबलर तथा विद्युत पोल से अवैध बैनर-पोस्टर को लगातार हटाया जा रहा है।

निगम अधिकारियों ने बताया कि विद्युत एवं ट्यूबलर पोल पर लगाए गए बैनर-पोस्टर कई बार सड़क किनारे दृश्यता को प्रभावित करते हैं, जिससे वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों और अन्य बाधाओं को देखने में परेशानी हो सकती है। इससे सड़क दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। इसके अलावा शहर के प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अनाधिकृत प्रचार सामग्री लगाए जाने से शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता प्रभावित होती है। आयुक्त के निर्देश पर निगम द्वारा ऐसे अवैध बैनर एवं पोस्टर को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के



तहत निगम अमला विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर विद्युत एवं ट्यूबलर पोल सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए अनाधिकृत बैनर-पोस्टर को हटाने की कार्रवाई कर रहा है। अवैध बैनर पोस्टर हटाए जाने के संबंध में महापौर परिषद से भी संकल्प पारित है।

## ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में ट्रैफिक अव्यवस्था का किया निरीक्षण



**भिलाई।** ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में ट्रैफिक अव्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान ट्रैफिक भिलाई 3 जोन प्रभारी निरीक्षण कर ट्रांसपोर्ट संचालकों, वाहन मालिकों एवं आसपास के दुकानदारों के साथ बैठक भी किया। बैठक में सभी ट्रांसपोर्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सड़क पर किसी भी प्रकार का वाहन खड़ा न करें। ट्रांसपोर्ट नगर में बनाए गए पार्किंग स्थल का ही उपयोग करें।आसपास संचालित मैकेनिकों को भी समझाइश दी गई कि वे सड़क पर वाहन खड़ा कर मरम्मत कार्य न करें, क्योंकि इससे ट्रैफिक बाधित होने के साथ हादसों की संभावना भी बढ़ती है। ट्रांसपोर्ट संचालकों मैकेनिकों को दो दिन के भीतर सड़क पर खड़े वाहनों को हटाने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को कहा गया है। ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज क्षेत्र में लंबे समय से बनी ट्रैफिक समस्याओं के निराकरण के लिए ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। ट्रांसपोर्ट संचालकों, वाहन मालिकों, दुकानदारों एवं मैकेनिको को बैठक में शामिल किया गया। ट्रांसपोर्ट नगर में उपलब्ध पार्किंग स्थल का ही उपयोग करने को कहा गया।

## मटंग में निकाली जन जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

ग्राम स्वास्थ्य समिति, मटंग के तत्वावधान में ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'दस्त रोको अभियान' के अंतर्गत एक भव्य जन जागरण रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में शासकीय प्राथमिक शाला, मटंग के नन्हे-मुन्ने स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में दस्त नियंत्रण एवं स्वास्थ्य संबंधी संदेशों वाला बैनर थामे बच्चों ने पूरे गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों को दस्त से बचाव, स्वच्छता बनाए रखने और सही समय पर उपचार कराने का संदेश दिया रैली के दौरान शिक्षकों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को ओआरएस के घोल एवं जिंक की गोलियों के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस चलाने वाले पर कार्रवाई

# नाबालिग वाहन चालकों को लेकर ट्रैफिक पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नाबालिग वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर 30 से अधिक नाबालिग छात्र-छात्राओं के पास बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस मिले। अभिभावकों को कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में बुलाकर काउंसलिंग की गई। कोई नाबालिग बिना वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाते दोबारा पाया गया तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 199A के तहत कार्रवाई की जाएगी। उनके वाहन का पंजीयन भी निलंबित किए जा सकते है।

जनता स्कूल भिलाई-03, स्वामी आत्मानंद स्कूल फरीद नगर, रिसाली शीतला नगर में कुल लगभग 900 विद्यार्थियों को एवं नागरिकों को ट्रैफिक नियमों सड़क सुरक्षा को लेकर ट्रेनिंग प्रदानी गई। नाबालिग बच्चों द्वारा बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चलाने से



होने वाली सड़क हादसों की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा को बेहतर करने के उद्देश्य से आरटीओ द्वारा संयुक्त रूप से विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

कार्रवाई में 300 वाहनों की जांच की गई। मामलों में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करते हुए हिदायत दी गई है। विद्यालयों के खुलने एवं छुट्टी के समय प्रमुख मार्गों चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस परिवहन विभाग की संयुक्त टीम की विशेष जांच अभियान संचालित किया गया।

### प्रशिक्षण भी दिया गया

जनता स्कूल भिलाई-3, स्वामी आत्मानंद स्कूल फरीद नगर के लगभग 850 छात्र-छात्राओं, रिसाली शीतला नगर के लगभग 50 नागरिकों समेत कुल 900 लोगों को ट्रैफिक नियमों, हेलमेट,सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, बिना लाइसेंस वाहन न चलाने और दो पहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न बैठाने की हिदायत भी दी गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

लाइव इवेंट

## कड़ी बाजी के बाद 8 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्पर्धा में चयन, दिखाया दम



**भिलाई।** आल इंडिया चेस फेडरेशन के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा जैन भवन सेक्टर-6 भिलाई में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट सब जूनियर फ़ीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप संपन्न हुई। जिसमें बालिका वर्ग में द्वितीय इशिका मड़के, तृतीय परिधि लिलहारे, चतुर्थ कासवी जैन दुर्ग से विजेता बनी। ओपन वर्ग में कोरबा के प्रभमन सिंह मल्होत्रा ने 6000 रुपए नगद और विजेता ट्रॉफी के साथ राज्य विजेता का खिताब जीता।

■ इशिका, परिधि कासवी राष्ट्रीय स्पर्धा में छग का करेंगे प्रतिनिधित्व

वहीं बालिका वर्ग में रायपुर की सावी गौरी ने 6000 रुपए नगद और ट्रॉफी के साथ राज्य खिताब अपने नाम किया। जिला संघ अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत और सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि राज्य के 19 जिलों से आए 142 खिलाड़ियों के बीच 8 चक्रों की कड़ी बाजी खेली गई। ओपन वर्ग में द्वितीय देवांश जैन, तृतीय अहिलान रॉय, चतुर्थ विवान रॉय सभी रायपुर से रहे। पांचवा अक्ष चोपड़ा और छठवां निभीष प्रधान भी रायपुर के रहे। बालिका वर्ग में द्वितीय इशिका मड़के, तृतीय परिधि लिलहारे, चतुर्थ कासवी जैन ये तीनों दुर्ग से रहीं। पांचवा हितांशी मुदलियार और छठवां निशिता त्रिपाठी रायपुर से रहीं। बालक और बालिका वर्ग के शीर्ष 4 खिलाड़ी यानी प्रभमन, देवांश, अहिलान, विवान, सावी, इशिका, परिधि, कासवी का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के लिए हुआ है। ये 8 खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अंडर 7, 9, 11 में भी विजेताओं को सम्मान

अंडर-7 में बालक प्रथम अयांश फुलहर, द्वितीय जेरेमिया जॉन और बालिका प्रथम श्रीनिका रेड्डी, द्वितीय तनिष्का शिल्पी रहीं। अंडर-9 में बालक प्रथम मो. जिदान, द्वितीय विहान जैन और बालिका प्रथम अनिका गुप्ता, द्वितीय आन्या सिंह रहीं। अंडर-11 में बालक प्रथम वीं विराट अय्यर, द्वितीय तारिणी मोक्ष और बालिका प्रथम अनिका रेड्डी, द्वितीय स्वरा बोरखडे रहीं। सभी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जैन मिलन ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश जैन, कैलाश जैन बरमेचा, कन्हैया सोनी, जिला खेल अधिकारी एक्का, पूर्व नेशनल चैंपियन गार्गी दास, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी किरण अग्रवाल ने विजेताओं को नगद, ट्रॉफी, मेडल दिए। संचालन तुलसी सोनी और आभार ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।



सिटी इवेंट

## वार्षिक आम सभा में कार्यों और आय-व्यय का दिया लेखा-जोखा



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई की वार्षिक आम सभा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन, सेक्टर-6 भिलाई में संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष विनोद वासनिक ने की। बैठक में संस्था द्वारा अब तक किए गए कार्य और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी गई। सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय और बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के आय-व्यय का विस्तृत विवरण कोषाध्यक्ष हरि किसन भोवते ने सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष रंजू खोबागड़े, सचिव अशोक नंदेश्वर और लेखापाल अशोक श्यामकुंवर भी उपस्थित थे। सभा का संचालन महासचिव वीरेंद्र ने किया।

■ बाबासाहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण कुमार बंसोड़कर, प्रितेश पाटील, भागवत बागड़े, आशीष चौहान, डी. पी. भोयर, धनंजय मेश्राम, जालेंद्र उके, आनंद रामटेके, ठानेन्द्र कांबले, महेंद्र खोबरागड़े, राजेश गजभिये और सविता मेश्राम सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। आम सभा में विनायक राव चौरे, डॉ. आर. एल. वाहने, पूर्व महासचिव रामाराव ढोक, रविंद्र गाडगे, माधुरी बरड़े और प्रज्ञा खोबरागड़े ने अपने सुझाव और शिकायतें रखीं। सभी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया और सुझावों को कार्यकारिणी में रखकर निर्णय लेने का आश्वासन दिया।सभा में अशोक ढवले, सतीश नांदगाये, मीना नारनौरे, पुष्पलता भोयर, प्रणाली गढ़लिंगे, लता गाडगे, दिव्या काले, कुसुम गजभिये, शालू दामले, अलका बौद्ध, उज्वला लवाले, सुशीला वासनिक, तारा पाटील, नेकराम रामटेके, सुनील लवाले, राजकुमार रामटेके, प्रकाश मेश्राम, अनिल साखरे, सुभाष बंसोड़कर सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे। सभा के अंत में संस्था को और अधिक सक्रिय बनाने तथा समाज में बाबासाहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

● चार दिनों के इंतजार के बाद महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी पहुंचे मंदिर के भीतर, भक्तों ने किया प्रभु के दर्शन

# रुठी लक्ष्मी को मनाने महाप्रभु ने दिया साड़ी और श्रृंगार सामान, जेठ ने समझाया तो मिला श्री मंदिर में प्रवेश

**मौसी गुंडिचा के घर लौटने के बाद पिछले चार दिनों तक मंदिर के बाहर रथ में ही बैठे महाप्रभु ने सोमवार तो अपने धाम श्रीमंदिर में प्रवेश कर ही लिया। जहां महाप्रभु द्वारा माता लक्ष्मी को बिना बताए मौसी के घर जाने के कारण उनके गुस्से का सामना करना पड़ा। प्रभु ने माता को बहुत मनाया तब भी नही मानी, लेकिन जब बड़े भैया बलभद्र माता लक्ष्मी के जेठ ने समझाया कि जगन्नाथ जी द्वारा उनके लिए साड़ी, श्रृंगार का सामान और मिठाई लाने में देरी हो गई, तब जेठ की बातों का मान रखते हुए बात बनी और माता लक्ष्मी को उनका पसंदीदा रसगुल्ला खिलाया गया तब तीनों भाई बहनों को श्री मंदिर में प्रवेश मिल सका और नीलाद्री विजय की भक्तों ने खुशियां मनाई। नीलाद्री विजय की रस्म के बाद जगन्नाथ महाप्रभु के रथयात्रा महोत्सव का समापन हुआ। आज श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 में महाप्रभु ने मंदिर में प्रवेश कर भक्तों को दर्शन दिया। इससे पूर्व महाप्रभु का अधरपणा कार्यक्रम रविवार को संपन्न किया गया।**

**भिलाई।** रथ यात्रा महोत्सव 2026 के तहत महाप्रभु 24 जुलाई को बाहुड़ा रथयात्रा संपन्न कर श्री मंदिर वापस लौट आए थे। परंतु महाप्रभु से रुष्ट लक्ष्मी जी ने मंदिर का पट नहीं खोला, अतः महाप्रभु विगत चार दिनों से रथ में ही विराजमान रहे। आज महाप्रभु ने मां लक्ष्मी को मनाया और मां लक्ष्मी ने श्री मंदिर के पट महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी के लिए खोले। इसके साथ ही महाप्रभु का मंदिर प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ और उनकी महा आरती की गई। भक्तों में महाभोग वितरण भी किया गया। सेक्टर-4 स्थित श्री मंदिर में आयोजित नीलाद्री विजय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। पुरी में होने वाली प्रक्रिया की ही तरह यहां भी सारे संस्कार किए गए। महाप्रभु के मंदिर में प्रवेश के बाद विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। सभी ने आरती के बाद भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही प्रसाद ग्रहण किया। इस उत्सव में जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी व महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी सुशान्त सतपथी, त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, बीसी बिस्वाल, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, बसंत प्रधान, वृंदावन स्वांई, निरंजन महाराणा, रंजन महापात्र, प्रकाश स्वांई, जगन्नाथ पटनायक,रवि स्वांई, बीस केशन साहू, कवि बिस्वाल, सीमांचल बेहरा,वी के होता, एस दलाई, कैलाश पात्रो, लखन बिस्वाल,परितोष पाणिग्रही ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### प्रेम और समानता का प्रतीक है परंपरा

प्रभु ने वचन दिया अब से जब भी यात्रा होगी, में आपको साथ लेकर ही जाऊंगा। इसके बाद माता लक्ष्मी ने खुश होकर भगवान को गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति दी। यह दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हुए। जगन्नाथ मंदिर के महासचिव ने बताया कि यह प्रसंग केवल धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि जीवन का संवाद है। प्रेम और समानता का प्रतीक है। यह हमें सह-अस्तित्व और रिश्तों की मर्यादा का संदेश देती है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने रथ खींचने का सौभाग्य अर्जित किया।



### निलांद्री विजय का अर्थ

निलाद्री बिजे या निलाद्री विजय विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण चरण है। इस दिन भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा और भगवान सुदर्शन रथों से उतरकर पुनः श्रीमंदिर के गर्भगृह के रत्न सिंहासन में विराजमान होते हैं। निलाद्री का अर्थ है नीलाचल (पुरी मंदिर) और बिजे का अर्थ है प्रवेश करना। बहुड़ा यात्रा के बाद भगवान तीन दिनों तक रथ पर ही रहते हैं और इस अंतिम दिन उन्हें पहंडी पारंपरिक जुलूस के जरिए मंदिर के अंदर ले जाया जाता है।



### पौराणिक प्रसंग को किया गया जीवंत

पौराणिक प्रसंगों के तहत भगवान जगन्नाथ हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को रथयात्रा पर सवर होकर भक्तों को दर्शन देने ले लिए निकलते हैं। इस यात्रा में माता लक्ष्मी को साथ नहीं ले जाने की वजह वे रुष्ट हो जाती हैं। भगवान के लौटने पर मां लक्ष्मी उन्हें द्वार पर रोकते हुए नाराजगी प्रकट करती हैं। बाहुड़ा यात्रा पर जैसे ही रथ मंदिर के द्वार पर पहुंचा, माता लक्ष्मी ने प्रभु से पूछा प्रभु, आप बिना मुझे बताए चले गए। क्या मैं इस घर की स्वामिनी नहीं हूं?' तब श्री जगन्नाथ ने हाथ जोड़कर विनम्रता से अनुनय-विनय करते हुए क्षमा याचना की। इस प्रसंग को जीवंत किया गया। इससे लोगों को रिश्तों की महत्ता का एहसास कराने का प्रयास किया।

## शहीदों के परिवारों को शॉल और उपहार देकर किया सम्मानित



**भिलाई।** लायंस क्लब भिलाई पिनेकल द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिनेकल ऑफिस में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों के परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। क्लब की ओर से उपस्थित सभी शहीद परिवारों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया और उन्हें आदरपूर्वक उपहार भी प्रदान किए गए। इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से लायंस क्लब भिलाई पिनेकल की प्रेसिडेंट शालिनी सोनी, चार्टर प्रेसिडेंट विभा भूटानी और रीजन ऑफिसर लायन अंजना विनायक उपस्थित रहीं। उन्होंने शहीद परिवारों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि शहीदों का कर्ज कभी चुकाया नहीं जा सकता, लेकिन उनके परिवारों के साथ खड़े रहना हमारा परम कर्तव्य है। इस अवसर पर पास्ट प्रेसिडेंट रश्मि लखोटिया, पास्ट प्रेसिडेंट रविका बेदी, पास्ट प्रेसिडेंट मीना सिंह, पास्ट प्रेसिडेंट उर्मिला टावरी, वाइस प्रेसिडेंट प्रिया रस्तोगी, वाइस प्रेसिडेंट रश्मी गेडाम, शोभा डोगरा, अंजना श्रीवास्तव और डॉ. अर्चना झा सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## डीपीएस दुर्ग में 31 जुलाई से मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का दो दिवसीय आयोजन

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में 31 जुलाई और 1 अगस्त को डीपीएस दुर्ग मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस शैक्षणिक सम्मेलन में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों की भूमिका निभाते हुए समकालीन वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे तथा कूटनीतिक संवाद, सहयोग और सहमति के माध्यम से समाधान प्रस्तुत करेंगे।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार, मॉडल यूनाइटेड नेशन्स विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, प्रभावी संप्रेषण कौशल, आलोचनात्मक चिंतन, शोध क्षमता, कूटनीतिक दृष्टिकोण, तार्किक अभिव्यक्ति, निर्णय-निर्माण तथा सामूहिक समस्या-समाधान जैसे महत्वपूर्ण गुणों के विकास का प्रभावी मंच है। सम्मेलन में प्रतिभागी विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे तथा संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। सम्मेलन के दौरान विभिन्न संयुक्त राष्ट्र समितियों की कार्यवाही, विषय आधारित वाद-विवाद, मॉडरेटेड एवं अनमॉडरेटेड कॉकस, ड्राफ्ट रिज़ॉल्यूशन तैयार करने की प्रक्रिया, उद्घाटन और समापन समारोह सहित अनेक शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग सदैव विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष की सीमाओं से आगे बढ़कर अनुभवात्मक, नवाचारी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। डीपीएस दुर्ग मॉडल यूनाइटेड नेशन्स 2026 इसी उद्देश्य की दिशा में विद्यालय की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो विद्यार्थियों को जागरूक, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं वैश्विक दृष्टिकोण से समृद्ध नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय की निदेशक पुनीता नेहरू ने कहा कि मॉडल यूनाइटेड नेशन्स विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त मंच है।

लोकमान्य तिलक जयंती पर महाराष्ट्र स्नेह मंडल का आयोजन, रंगोली सहित कई प्रतियोगिताएं

## तिलक के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों पर आधारित मराठी लघु नाटिका के मंचन में दिखाई देशभक्ति, जयोस्तुते गीत ने भरा जोश

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** महाराष्ट्र स्नेह मंडल, नेहरु नगर द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार स्मृति नगर में किया गया। लगातार 10वें वर्ष आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे लोकमान्य तिलक उद्यान में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों ने तिलक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। मुख्य समारोह की शुरुआत वंदे मातरम् से हुई। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीएसपी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, प्रमुख वक्ता पद्मश्री डॉ. रामचंद्र गोडबोले, पद्मश्री सुनीता गोडबोले, स्मृति नगर गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष राजीव चौबे, अध्यक्ष उदय मानकर और संरक्षक सुधीर कोन्हेर ने दीप प्रज्वलन किया। अध्यक्ष उदय मानकर ने स्वागत भाषण दिया और राजीव चौबे ने विचार रखे।



### मराठी लघु नाटिका का मंचन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में तिलक के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों पर आधारित मराठी लघु नाटिका का मंचन रंजना देशपांडे, शोभना चेंडके, राजश्री मानकर, अश्विनी काले और स्वाति हिरवे द्वारा किया गया। माधुरी केलकर, शुभांगी शिवडेकर, प्रभा क्षीरसागर एवं सुगंधा रहाटगांवकर द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया गया। वीर सावरकर द्वारा रचित मराठी देशभक्ति गीत जयोस्तुते जयोस्तुते को गजानन अधापुरकर, सुशोभ हिरवे, सतीश देशपांडे, जयश्री भांगे, वैशाली अरमरकर तथा यजेश हिरवे के द्वारा प्रस्तुत किया।

### स्पर्धा के विजेता हुए सम्मानित

प्रमुख वक्ता डॉ. रामचंद्र गोडबोले ने तिलक के व्यक्तित्व पर व्याख्यान दिया। सुनीता गोडबोले ने जनजाति क्षेत्रों में कार्यों का अनुभव साझा किया। अंतर्शालेय प्रश्नोतरी में अश्मित कौर विरदी, होशिका साहू, इशिता साहू को प्रथम तीन पुरस्कार मिले। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। संचालन सतीश देशपांडे ने किया। वनवासी कल्याण आश्रम के नागेश काले, रेखा काले सहित डॉ. अनघा आगाशे, विजय बक्षी, मंदा ताई कामिनकर, किशोर खिरोडकर, आरती कोन्हेर, अश्विनी काले, प्रवीण काले, रंजना देशपांडे, स्वाति हिरवे एवं संस्था के सभी सदस्य, विद्यालयों के प्राचार्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

# रामदेव बाबा दरबार में कल मनायी जाएगी गुरु पूर्णिमा



दुर्ग । पुलगांव नाका स्थित नवकार परिसर के श्री रामदेव बाबा दरबार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 जुलाई को गुरुदेव सोहनलाल बापजी (चालीसगांव, महाराष्ट्र) का गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर आयोजन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे गुरुदेव सोहनलाल बापजी की महाआरती से होगा। इसके पश्चात प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा गुरुदेव के जीवन एवं उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया है। यह संपूर्ण धार्मिक आयोजन गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किए गए हैं। महोत्सव में देश-प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए आयोजन समिति ने भव्य एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं की हैं। श्रद्धालुओं के लिए वाटरप्रूफ पंडाल, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए। रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन एवं पायल जैन ने सभी श्रद्धालुओं से गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सपरिवार शामिल होकर गुरुदेव का आशीर्वाद और धार्मिक आयोजन का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### गजानन मंदिर हुडको में महोत्सव कल

भिलाई। हिंदू जनजागृती समिती द्वारा 29 जुलाई को श्री गजानन महाराज मंदिर हुडको भिलाई में गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हिंदू जनजागृती समिति के छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र राज्य संगठक सुनील घनवट ने बताया कि गुरू पूर्णिमा महोत्सव में हिंदू राष्ट्र की स्थापना के लिए संघर्ष और साधना की दिशा विषय पर मार्गदर्शन होगा। सुनील घनवट ने बताया कि वर्तमान समय में सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय मूल्यों के संरक्षण के लिए समाज में जागरूकता, संगठन, आध्यात्मिक साधना तथा धर्माचरण की आवश्यकता है। सदियों से गुरू शिष्य परंपरा ने राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए समय-समय पर नेतृत्व करते हुए समाज की दिशा दी है। आज भी जब राष्ट्र और धर्म संकट भी है ऐसे समय में गुरु का जीवन मी महत्व, साधना, धर्मशिक्षा लेने का महत्व अनन्यसाधारण है, सामाजिक एकता, राष्ट्रहित, संस्कृती रक्षा तथा समाज के समक्ष उपस्थित विभिन्न चुनौतियों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है।

### नंदिनी आश्रम में कल मनेगा गुरु पूर्णिमा

दुर्ग। सनातन संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के पावन प्रतीक गुरु पूर्णिमा व्यास पूर्णिमा का पर्व संत आशाराम बापू आश्रम, नंदिनी नगर, अहिवारा में बुधवार, 29 जुलाई को मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातःकाल से गुरु पूजन, श्री गुरु वंदना, गुरु चालीसा, सामूहिक माला पूजन, गुरु चरण पादुका पूजन, शोभायात्रा, हवन, विशेष सत्संग, कीर्तन-भजन एवं महाआरती सहित विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद भंडारे की भी व्यवस्था रहेगी। श्री योग वेदांत सेवा समिति ने सभी साधकों से इस पावन पर्व में सहभागी बनने की अपील की है।

## सिटी लाइव

# डॉ. तीजन बाई ने महाभारत को घर-घर पहुंचाया, दी श्रद्धांजलि



भिलाई। छत्तीसगढ़ की प्रख्यात पंडवानी गायिका पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई के निधन पर संस्कार भारती संस्था दुर्ग जिला इकाई द्वारा संत गजानन महाराज मंदिर प्रांगण, हुडको भिलाई में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने स्व. डॉ. तीजन बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रणाम किया। संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष रिखी क्षत्रिय ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि मैंने कई बार तीजन बाई के साथ मंच साझा किया। वे राज्य अतिथि होते हुए भी अपने साथी कलाकारों का ध्यान रखती थीं और टीम के साथ ही ठहरती थीं। गरीबी से उठकर कामयाबी पाने के बाद भी उन्होंने सादगी नहीं छोड़ी। वे अंचल की एकमात्र कलाकार हैं जिन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण तीनों सम्मान मिले, पर उन्हें इसका जरा भी अभिमान नहीं था। उन्होंने कहा कि तीजन बाई ने अपने तंबूरे से महाभारत के पात्रों को जीवंत कर दिया। जिला अध्यक्ष कीर्ति माधव व्यास ने कहा कि वे पंडवानी की कापालिक शैली की साधिका थीं। उन्होंने ओजस्वी प्रस्तुति से महाभारत को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने सेल के कार्यक्रम में कोलकाता प्रवास की यादें भी साझा कीं। उपाध्यक्ष व साहित्य प्रभारी आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने कहा पंडवानी का अर्थ पांडवों की वाणी है। तीजन बाई ने महाभारत को लेकर फैली मिथ्या धारणा को तोड़ा और दुनिया को उसका सही अर्थ बताया। उन्होंने अपनी पुस्तक छत्तीसगढ़ में संस्कृत में तीजन बाई से हुई सचित्र वार्ता का उल्लेख कर उसे प्रांताध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को भेंट भी किया। कार्यकारी अध्यक्ष अजय डांगे, महामंत्री संजय तनखीवाले, कोषाध्यक्ष विकास पांडे, महेश्वरराव नायडू, देवेंद्र श्रीवास्तव, शोभना व्यास, कांता दड़वी सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने उपस्थित होकर स्व. डॉ. तीजन बाई को श्रद्धांजलि दी।

### तहसील साहू संघ की हुई आमसभा

भिलाई। तहसील साहू संघ रिसाली का वार्षिक आमसभा सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष डॉ. कामता साहू के सहमति से कोषाध्यक्ष तुलाराम साहू द्वारा वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। वहीं महासचिव रामकुमार साव ने कार्यक्रम का भूमिका प्रस्तुत किया गया। इस दौरान विशेष रूप से तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष संध्या साहू, संगठन सचिव तारिणी साहू उपस्थित रही। जिला साहू संघ भिलाई से सेवा राम साहू ने अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संरक्षक रविशंकर साहू, पुनाराम कलिहारी, पंचराम साहू, दलजीत सिंह साहू आदि उपस्थित थे। अंत में सभी के द्वारा पौधरोपण किया गया।



● छात्रों को दिया सफलता और सामाजिक सद्भाव के लिए प्रभावी भाषा पर व्याख्यान

# सफल राष्ट्र की नींव है सुसंस्कृत भाषा, विद्यार्थियों ने शिष्ट शब्दों का प्रयोग कर महिलाओं की सुरक्षा करने ली शपथ

भिलाई। बीआईटी दुर्ग में बी टेक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सफलता और सामाजिक सद्भाव के लिए प्रभावी सुसंस्कृत भाषा विषय पर प्रेरक व्याख्यान आयोजित किया गया। सत्र का संचालन स्वयंसिद्धा संगठन की संस्थापक डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को सुसंस्कृत भाषा का प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने महिला सुरक्षा पर कहा कि पिंक आर्मी बनाने की बजाय हर छात्र को स्वयंसेवक बनकर सहपाठियों और आसपास की महिलाओं की सुरक्षा का दायित्व लेना चाहिए। यदि हर व्यक्ति कॉलेज और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी ले, तो छेड़छाड़ और भाषाई भेदभाव जैसी समस्याएं खुद समाप्त हो जाएंगी। स्वयंसिद्धा संगठन नाटक, प्रकाश-ध्वनि प्रदर्शन, नृत्य और लघु फिल्म के माध्यम से सामाजिक जागरूकता फैलाता है। संगठन देश के 10 से अधिक राज्यों में सक्रिय है और इससे 5000 से अधिक स्वयंसेवक जुड़े हैं।



### मां के सम्मान और महिला सुरक्षा पर दिया जोर

डॉ. सोनाली ने बच्चों के विकास में माताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में बच्चे अक्सर माताओं के प्रति उदासीन हो जाते हैं। समाधान के रूप में उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि प्रतिदिन अपनी मां को आई लव यू मां कहें और एक स्नेहिल आलिंगन दें। महिला सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि पिंक आर्मी बनाने की बजाय हर छात्र को स्वयंसेवक बनकर सहपाठियों और आसपास की महिलाओं की सुरक्षा का दायित्व लेना चाहिए। यदि हर व्यक्ति कॉलेज और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी ले, तो छेड़छाड़ और भाषाई भेदभाव जैसी समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी।

### शपथ के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम का समापन शपथ के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने प्रतिदिन शिष्ट भाषा का प्रयोग करने और महिलाओं के प्रति अन्याय व भेदभाव का विरोध करने का संकल्प लिया। डॉ. सोनाली ने कहा कि इस प्रकार का सामूहिक प्रयास ही राष्ट्र को वास्तविक सफलता की ओर ले जाएगा। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अनुप मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह विद्यार्थियों को भाषा के विवेकपूर्ण चयन और सार्थक प्रयोग का मार्गदर्शन देने का सबसे उपयुक्त समय है, क्योंकि यही उनके सर्वांगीण विकास का आधार है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. नागेंद्र त्रिपाठी थे। डॉ. एस.पी. शुक्ला, डॉ. शुभ्रता नागपाल, डॉ. एनी थॉमस, डॉ. अरुण कुमार सहित संकाय सदस्य उपस्थित थे। संचालन व आभार सोनोरा दीक्षित ने किया।

### जीवन प्रबंधन के लिए गीता के उपदेश प्रासंगिक



बी.आई.टी. दुर्ग में द्वितीय वर्ष के इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय पर एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इस्कॉन मुंबई के सचिव राम रघुनाथ प्रभु उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में सीखना अत्यंत आवश्यक है और इसका कोई अंत नहीं है। निरंतर सीखते रहना ही ज्ञान प्राप्ति का वास्तविक मार्ग है। छात्रों ने स्वामी से जीवन में गीता का महत्व और ईश्वर का साक्ष्य जैसे प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर उन्होंने अत्यंत सरल भाषा और जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से दिया। उन्होंने बताया कि जीवन प्रबंधन के लिए गीता के उपदेश अत्यंत प्रासंगिक हैं, जो समय और परिस्थितियों के प्रभाव से परे हैं।

इस कार्यक्रम में बी.आई.टी. के प्राचार्य डॉ. अनुप मिश्रा ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए गीता के मूल सिद्धांतों को समझने पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ ए के त्रिपाठी, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के इंडियन नॉलेज सिस्टम के समन्वयक और संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ एस पी शुक्ला और प्रभारी डॉ. नागेंद्र त्रिपाठी प्राध्यापक, इलेक्ट्रिकल विभाग, डॉ. शुभ्रता नागपाल, डॉ. एनी थॉमस, डॉ. अरुण कुमार सहित लगभग 300 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सोनोरा दीक्षित ने किया।

## मनवा कुर्मी समाज ने मनाई खूबचंद जयन्ती

# डॉ. बघेल के सोच के अनुरूप करें कार्य कहा-छग के महापुरुषों की मनाएं जयंती




दुर्ग। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग, छत्तीसगढ़ भ्रातिसंघ द्वारा संयुक्त रूप से डॉ. खूबचंद बघेल की जयन्ती शंकर नगर मनवा कुर्मी भवन में मनाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे चंद्रकांत वर्मा संचालन पशु चिकित्सा छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। उन्होने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल ने छत्तीसगढ़ में विभिन्न आयामों में कार्य किया। हमें उनके नाम से जयंती मनाना या भवन चौक चौराहे के नामकरण तक सिमित नहीं रहना है। डॉ. बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ की प्रति जो सोच रहा है उनके अनुरूप शासन प्रशासन को योजना बनाकर सर्व समाज को सुझाव देना चाहिए ताकि डॉ. बघेल के सपनों का छत्तीसगढ़ बन सके। अध्यक्षता कर रहे दुर्ग राज के राज प्रधान ईश्वरीय वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को एक जूट होकर छत्तीसगढ की सभी महापुरूष की जयंती मनाना चाहिए। केंदीय विवाह प्रभारी सीके वर्मा ने भी डॉ. बघेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषणा इकाई अध्यक्ष रोशन वर्मा ने दिया। विशिष्ट अतिथि सीता राम साहू, श्याम मूरत कौशिक ने भी सभा को संबोधित किया तथा कविता के माध्यम से खूबचंद बघेल के कार्यो को रेखांकित किया तथा मातृ शक्ती के दुनिया को योगदान पर अपनी बात रखी। जगदीश देशमुख साहित्यकार और नरेन्द्र देवांगन ने डॉ. खूबचंद बघेल की जीवनी को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। नगर इकाई द्वारा इस वर्ष का खूबचंद बघेल सम्मान राम कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया। तथा उनके द्वारा लिखित पुस्तक भोजली का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रावास समिति के अध्यक्ष धरम पाल वर्मा और युवा अध्यक्ष हरि शंकर वर्मा ने किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भ्रातिसंध के अध्यक्ष तेजबहादुर बंछोर, महिला इकाई अध्यक्ष कान्ति चन्द्रवंसी, किरण वर्मा, अरूण बघेल, बीके वर्मा, कौशल वर्मा का विशेष योगदान रहा।

## सुमन का आशा संगीतमय कार्यक्रम

# कला मंदिर में आशा व सुमन के गीतों की सुरीले गीतों की यादगार प्रस्तुति






भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के तत्वावधान में 2 महात्मा गांधी कला मंदिर में 'सुमन की आशा संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोंसले और सुमन कल्याणपुर के यादगार गीतो फिल्मी गीतों की अंचल के कलाकारों ने सुरीली प्रस्तुति से श्रोताओं का भावविभोर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, पवन कुमार तथा अरुण कुमार व विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों ने कलाकारों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा यह सांस्कृतिकआयोजन भारतीय फिल्म संगीत की दो महान विभूतियों स्व. आशा भोंसले एवं सुमन कल्याणपुर के अमूल्य योगदान को न केवल समृद्ध संगीत विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम हैं, बल्कि बीएसपी की सांस्कृतिक अभिरुचि एवं कलात्मक परंपरा को भी सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर गायिकाओं अंजलि शुक्ला, गौतमी चक्रवर्ती, सुमीता सरकार, अनुष्का पाण्डेय एवं सोमा कश्यप के साथ चलपति राव व जगमोहन ने आशा भोंसले व सुमन कल्याणपुर के फिल्मी गीतों की सुरीली प्रस्तुति दी। संगतकारों में दिलीप शर्मा, रविन्द्र कर्मकार, भगवत साहू, साईं चक्रवर्ती, देवब्रत मजूमदार, सतीश सिन्हा एवं अमित पाल शामिल थे। कार्यक्रम में विभाग के उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद तथा उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक विभाग के वरिष्ठ कलाकार प्रभंजय चतुर्वेदी, पीटी उल्लास कुमार और दुष्यंत हरमुख सहित संगीतप्रेमी उपस्थि थे। संचालन सुप्रियो सेन ने किया।

## विवि छात्रों और छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम के लिए भी उपयोगी हैं किताब

# माटी की महक वाली 4 किताबें आईं सामने, संस्कृति पर आधारित उपन्यास और काव्य संग्रहों का विमोचन



कार्नर न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ की माटी, लोक जीवन और ग्रामीण संस्कृति को शब्दों में पिरोने वाली 4 नई पुस्तकों का विमोचन नेहरू नगर स्थित निर्मल ज्ञान मंदिर, कबीर आश्रम में आयोजित किया गया। लोक कला एवं साहित्यिक संस्था सिरजन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि ये सभी पुस्तकें न सिर्फ आम पाठकों के लिए, बल्कि विश्वविद्यालयीन छात्रों और छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम के लिए भी बेहद उपयोगी और महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि उपन्यासों में छत्तीसगढ़ की वास्तविकता और माटी की सोंधी महक है, वहीं काव्य संग्रहों में कल्पना और यथार्थ का सुंदर संगम देखने को मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य डॉ. महेशचंद शर्मा ने की और इसे समाज को नई दिशा देने वाला दस्तावेज बताया।




### ग्रामीण जीवन की झलक देते उपन्यास और काव्य

विमोचित पुस्तकों में डॉ. डी.पी. देशमुख का छत्तीसगढ़ी उपन्यास बड़े दाऊजी, डॉ. दीनदयाल साहू का उपन्यास सोनहा माटी और डॉ. गिरधर चंद्रा के दो हिंदी काव्य संग्रह अंतर्मन का शब्द व भावों की अभिव्यक्ति शामिल हैं। डॉ. संजय तिवारी ने लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि आज जब युवा अपनी जड़ों से कट रहा है, ऐसे में ये किताबें हमें अपनी संस्कृति, परंपरा और ग्रामीण जीवन से जोड़ती हैं। अध्यक्ष डॉ. महेशचंद शर्मा ने कहा कि ये पुस्तकें आम इंसान की मनोवृत्ति को समझने और समाज को आईना दिखाने का काम करेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी और संत गुरु कबीर के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रेमलता साहू व टीम ने सरस्वती वंदना और राज गीत प्रस्तुत किया। सिरजन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीनदयाल साहू ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद अतिथियों ने बारी-बारी से सभी पुस्तकों का विमोचन किया।

### साहित्यकारों का सम्मान और बड़ी उपस्थिति

इस अवसर पर डॉ. दीनदयाल साहू और डॉ. डी.पी. देशमुख के जन्मोत्सव पर उन्हें शाल, श्रीफल और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों को बुके, गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में डॉ. परदेशीराम वर्मा, डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार, डॉ. वेदवती मंडावी, प्रो. डॉ. सुधीर शर्मा, आत्मा राम साहू सहित ब्रह्मदेव पटेल, बद्री प्रसाद पारकर, ईश्वरी वर्मा, डॉ. राजेंद्र पाटकर, डॉ. अंजली जोशी और बड़ी संख्या में साहित्यकार, कलाकार व समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुलारी चंद्राकर ने किया और आभार प्रदर्शन सिरजन जिला अध्यक्ष लालजी साहू ने किया। प्रदीप पारकर, रितेश साहू, संतराम साहू के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

ज्योतिष

## शनि की वक्री चाल से इन दो राशियों की बढ़ेंगी मुश्किलें, रहना होगा एक्स्ट्रा अलर्ट



कर्मफल दाता और न्यायाधीश शनि ग्रह जुलाई महीने में वक्री चाल चलने वाले हैं। शनि के वक्री होने से राशियों के जीवन पर प्रभाव देखने को मिलेगा शनि वक्री से दो राशियों की मुश्किलें सबसे अधिक बढ़ सकती है। इन्हें राहु-केतु और शनि की दोहरी मार का सामना करना पड़ सकता है। शनि की वक्री चाल से सिंह और कुंभ राशि के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**शनि ग्रह वक्री 2026 :** शनि ग्रह 26 और 27 जुलाई की मध्यरात्रि को 1 बजकर 25 मिनट पर वक्री होंगे। शनि ग्रह मीन राशि में वक्री होने वाले हैं। इसके बाद 11 दिसंबर तक शनि वक्री अवस्था में रहेंगे। 11 दिसंबर 2026, दिन शुक्रवार को शनि ग्रह मार्गी हो जाएंगे। शनि का प्रभाव शनि की ढैय्या चल रही सिंह राशि और शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव झेल रही कुंभ राशि पर होगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि में इस समय केतु ग्रह विराजमान हैं। सिंह राशि के लोगों पर शनि की ढैय्या चल रही है। शनि ग्रह के वक्री होने पर सिंह राशि के लोगों को करियर में तनाव हो सकता है। नौकरी और कारोबार के मामले में दिक्कतें बढ़ सकती हैं। आर्थिक मामलों में परेशान होने पड़ेगा। आपको विवाद से बचने की जरूरत है। कोई भी फैसला सोच-समझकर लें।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के लोगों पर शनि की साढ़ेसाती का तीसरा और अंतिम चरण चल रहा है। कुंभ राशि में इस समय राहु विराजमान हैं इन्हें राहु के साथ ही शनि के अशुभ प्रभाव झेलने पड़ सकते हैं। जल्दबाजी में कोई निवेश करने से नुकसान हो सकता है। आपको योजना बनाकर काम करने की जरूरत है।

## अगस्त में ग्रहों का गोचर करेगा कमाल, सिंह समेत 5 राशियों का गोल्डन टाइम



अगले माह 2 अगस्त को मंगल ग्रह मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। 5 अगस्त को बुध कर्क राशि में गोचर करेंगे। इसके बाद 17 अगस्त को सूर्य गोचर सिंह राशि में होगा। 22 अगस्त को बुध ग्रह सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इनके अलावा कई ग्रह राशि और नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। अगस्त 2026 में ग्रहों के इन गोचर का प्रभाव राशियों के जीवन पर देखने को मिलेगा। इसके प्रभाव से मेष, कर्क, सिंह, कन्या और वृश्चिक राशि के लोगों को फायदा हो सकता है। कई शुभ योग का बनना लाभकारी होगा।

**मेष राशि :** मेष राशि के लोगों को अगस्त में हो रहे ग्रह गोचर से लाभ हो सकता है इन्हें बुधादित्य राजयोग और गजलक्ष्मी राजयोग के बनने से जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा रहेगा। नई जिम्मेदारियां मिल सकती है। घर और वाहन खरीदने के योग बनेंगे।

**कर्क राशि :** कर्क राशि वालों को अगस्त महीने में बन रहे बुधादित्य राजयोग से कर्क राशि के लोगों का फायदा होगा। इन लोगों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक सुख मिलेगा। आपकी कमाई बढ़ने से आर्थिक स्थित बेहतर होगी। हालांकि, आपको खर्च से बचना होगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के लोगों को ग्रह गोचर के प्रभाव से लाभ होगा। आपके अटके काम पूरे हो सकते हैं। करियर में सफलता के लिए योग बनेंगे। निवेश करने से लाभ हो सकता है। निवेश करने से पहले अच्छे से सोच-विचार लें। अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**कन्या राशि :** कन्या राशि वालों को करियर में ग्रोथ मिलेगी। आपकी कमाई में इजाफा हो सकता है। कार्यस्थल पर आपकी तारीफ होगी। गजलक्ष्मी योग और बुधादित्य योग का बनना आपके लिए शुभ साबित हो सकता है।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के लिए गजलक्ष्मी योग का बनना शुभ रहेगा। ग्रहों के गोचर करने और शुभ संयोग से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आर्थिक तौर पर समय अच्छा रहेगा। आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### वायरल संक्रमण और पेट से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है

# बारिश का मौसम बच्चों पर पड़ सकता है भारी... ऐसे रखें उनकी सेहत का ख्याल!

बारिश का मौसम बच्चों के लिए मस्ती और खेलकूद का समय होता है उन्हें न बारिश की चिंता होती है और न ही भीगने की लेकिन यही लापरवाही कई बार उनकी सेहत पर भारी पड़ सकती है। बारिश में भीगने के बाद गीले कपड़ों में रहना, बिना नहाए खेलते रहना या बाहर का खाना खाना बच्चों में बुखार, खांसी, वायरल संक्रमण और पेट से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है। ऐसे में बच्चों का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। तो चलिए आपको बताते हैं कि बारिश के मौसम में बच्चों का ख्याल कैसे रखें...



### खाने का रखें खास ख्याल

बारिश के मौसम में नमी, गंदा पानी और मच्छरों की संख्या बढ़ने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ों की तुलना में कम होती है। इसलिए इस मौसम में उन्हें साफ और ताजा भोजन दें। बाहर मिलने वाले खुले और जंक फूड से दूर रखें। साथ ही बच्चों को हमेशा उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी ही पिलाएं ताकि पेट संबंधी बीमारियों से बचाव हो सके।

### बारिश में भीग जाएं तो तुरंत करें ये काम

अगर बच्चा बारिश में भीग जाए तो उसे ज्यादा देर तक गीले कपड़ों में न रहने दें। सबसे पहले सूखे तौलिये से शरीर अच्छी तरह पोंछें और तुरंत सूखे कपड़े पहनाएं। जरूरत हो तो गुनगुने पानी से नहला दें। ऐसा करने से सर्दी, खांसी और फंगल संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। साथ ही बच्चों को पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनाएं ताकि मच्छरों के काटने से भी बचाव हो सके।

### साफ-सफाई पर दें पूरा ध्यान

बच्चों की रोजाना की डाइट में हरी सब्जियां, मौसमी फल और विटामिन सी से भरपूर चीजें जरूर शामिल करें। इससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। इसके अलावा घर और आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें, क्योंकि इससे डेंगू और मलेरिया फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं। बच्चों को गीले मोजे या गीले कपड़े पहनकर लंबे समय तक न रहने दें। इससे शरीर ठंडा हो सकता है और निमोनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। थोड़ी सी सावधानी और सही देखभाल से मानसून के मौसम में बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित रखा जा सकता है।



## सावधान! धीमा जहर है मोमोज, डॉक्टर ने बताईं हैरान कर देने वाली बातें



आजकल फास्टफूड का बाजार खूब फल-फूल रहा है। यह बच्चों से लेकर बड़ों तक का फेवरेट बन गया है। फास्टफूड में ज्यादातर चीजें मैदे से ही बनी होती हैं, जो सेहत को सीधे तौर पर क्षति पहुंचाती हैं। वैसे तो सभी फास्ट फूड लोगों के पसंदीदा हैं, लेकिन मोमोज सबसे ऊपर है। ज्यादातर लोग इसके नुकसान को जानते भी होंगे, लेकिन इसके बाद भी लापरवाह बने हैं। रांची रिम्स के डॉक्टरों द्वारा शेयर की एक पोस्ट के मुताबिक, मोमोज आपकी जिंदगी को बर्बाद करने के लिए काफी हैं। ये इंसान को अंदर से खोखला बनाने का काम करते हैं।

**आंतों के लिए घातक :** मैदा कई बार ठीक से डाइजेस्ट ना होने पर आंतों में चिपक सकता है और आंतों को ब्लॉक कर सकता है।

**किडनी को नुकसान :** इसमें रहने वाले जो यलपराक्साइड हमारी बॉडी में जाकर किडनी और पेनक्रियाज को को नुकसान पहुंचाती है।

**ब्लीडिंग का खतरा :** लाल मिर्च की चटनी पेट और आंतों में ब्लीडिंग होने के खतरे को भी बढ़ाती है। पाइल्स और गैस्ट्राइटिस हो सकती है।

**वजन का बढ़ना :** इससे मोटापा बढ़ना, ब्रेन और नरवर की समस्या, चेस्ट पेन हार्ट रेट और बीपी बढ़ने जैसी कई परेशानियां हो सकती हैं।

**इंफेक्शन का खतरा :** मोमोज इंफेक्शन और बच्चों में नया खून बनने की प्रक्रिया को धीमा बनाने का काम कर सकता है। इंफेक्शन होने का खतरा होता है।

## बरसात के मौसम में करें तरह-तरह की हर्बल चाय का सेवन, स्वास्थ्य के लिए हैं लाभदायक

मानसून के दौरान तापमान में अचानक बदलाव और उमस के कारण कई बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर इस मौसम में फ्लू, बुखार, सर्दी-खांसी और पेट से जुड़ी बीमारियां आम हैं। इनसे सुरक्षित रहने के लिए शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी हर्बल चाय की जानकारी देते हैं, जो प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ कई अन्य स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकती हैं।

**तुलसी की चाय :** तुलसी की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में एक कप पानी गर्म करें, फिर इसमें 8-10 तुलसी की पत्तियां डालकर इसे ढक दें और 5 मिनट तक पकाएं। अब इसमें थोड़ा-सा नींबू का रस और शहद भी मिला दें। यह चाय शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकती है और बीमारियों को दूर रख सकती है। इसके अलावा यह चाय पाचन क्रिया को भी ठीक रखने में सहायक है।

**अदरक की चाय :** अदरक की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में एक कप पानी डालकर इसे गर्म करें, फिर इसमें थोड़ा-सा कद्दूकस की हुई अदरक डालें और 5 मिनट तक पकने दें। इसके बाद इसमें एक चम्मच चीनी



डालकर इसे गर्म होने दें, फिर इसमें एक चुटकी दालचीनी का पाउडर मिलाकर इसे गैस से उतार लें। अदरक की चाय कई प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर होती है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं।

**कैमोमाइल चाय :** कैमोमाइल चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में एक कप पानी डालकर इसे गर्म करें, फिर इसमें एक चम्मच सूखे कैमोमाइल के फूल डालें और इसे 5 मिनट तक पकने दें। इसके बाद इसमें थोड़ा-सा नींबू का रस और शहद मिलाकर इसे गैस से उतार लें। यह चाय मानसिक शांति देने और अच्छी नींद में मदद कर सकती है, जिससे अगली सुबह तरोताजा महसूस कर सकते हैं।

**पुदीने की चाय :** पुदीने की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में एक कप पानी डालकर इसे गर्म करें, फिर इसमें 5-6 पुदीने की पत्तियां डालें।



Source: Amazon

## बच्चों को जन्मदिन में ऐसा दें उपहार जो न केवल उन्हें खुश करे बल्कि ज्ञानवर्धक भी हों

बच्चों की जन्मदिन की पार्टी का आयोजन करना एक खास अनुभव होता है। इस मौके पर रिटर्न गिफ्ट देना भी उतना ही जरूरी है। रिटर्न गिफ्ट न केवल बच्चों को खुश करते हैं, बल्कि उन्हें आपकी पार्टी को यादगार बनाने का अहसास भी कराते हैं। आइए आज हम आपको कुछ बेहतरीन रिटर्न गिफ्ट के विकल्प बताते हैं, जो आपके बच्चों के दोस्तों को बहुत पसंद आएंगे और उनकी यादों में हमेशा ताजा रहेंगे।

**खिलौने :** खिलौने हमेशा से ही बच्चों के लिए सबसे पसंदीदा रिटर्न गिफ्ट रहे हैं। यह न केवल खेलने के लिए मजेदार होते हैं, बल्कि बच्चों की कल्पना को भी बढ़ावा देते हैं। आप छोटे-छोटे खिलौने, जैसे कि कार, गुड़िया, या ब्लॉक सेट चुन सकते हैं, जो बच्चों के लिए सुरक्षित और आसान हों। इसके अलावा आप पजल या पहेलियों वाले खिलौने भी दे सकते हैं, जो बच्चों की सोचने की क्षमता को बढ़ावा देंगे।




**किताबें :** किताबें बच्चों के ज्ञान को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्हें अच्छी आदतें सिखाने और उनकी कल्पना शक्ति को विकसित करने का काम करती हैं। आप बच्चों की उम्र और रुचियों के अनुसार किताबें चुन सकते हैं, जैसे कि चित्रकला किताबें, कहानियों की किताबें या ज्ञानवर्धक किताबें। इसके अलावा आप रंग-बिरंगी चित्रों वाली किताबें भी दे सकते हैं, जो बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी और उनकी रुचि बनाए रखेंगी।

**स्टेशनरी सेट :** स्टेशनरी सेट एक उपयोगी रिटर्न गिफ्ट हो सकता है, जो बच्चों के स्कूल या कला और शिल्प परियोजनाओं में काम आएगा। इसमें पेंसिल, पेन, रंगीन मार्कर्स और स्केचबुक आदि शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा आप स्टिकर्स, स्टेपलर, टेप और अन्य उपयोगी सामान भी शामिल कर सकते हैं, जो बच्चों की पढ़ाई और रचनात्मकता को बढ़ावा देंगे। इस तरह का रिटर्न गिफ्ट न केवल उपयोगी होगा बल्कि बच्चों को खुश भी करेगा।

### बोर्ड गेम, लूडो-कैरम जैसी खेल सामग्री

खेल हर बच्चे को पसंद आते हैं। यह न केवल मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि बच्चों की सोचने की क्षमता और टीमवर्क सिखाने में भी मदद करते हैं। आप बोर्ड गेम, जैसे कि लूडो, कैरम या शतरंज चुन सकते हैं, जो सभी उम्र के बच्चों के लिए उपयुक्त होंगे। इसके अलावा आप वीडियो गेम या बाहर खेले जाने वाले खेल जैसे फ्रिस्बी या बॉल भी दे सकते हैं, जो बच्चों को सक्रिय रखते हुए मजा भी देंगे।

### हाथ से बने शिल्प

हाथ से बने शिल्प एक अनोखा रिटर्न गिफ्ट हो सकता है, जो बच्चों को विशेष महसूस कराएगा। यह न केवल प्यार भरा उपहार होगा, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित करेगा। आप छोटे-छोटे हाथ से बने खिलौने, कंगन, या कला और शिल्प परियोजनाएं बना सकते हैं, जिन्हें बच्चे आसानी से समझ सकें। इन सभी विकल्पों से आप अपनी पार्टी को यादगार बना सकते हैं और अपने छोटे मेहमानों को खुश रख सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### घरेलू नुस्खे जो शरीर को गर्माहट देने और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनाने में कर सकता है मदद

# बार-बार लेट हो रहे हैं पीरियड्स तो दूध वाला देसी उपाय आ सकता है काम

पीरियड्स महिलाओं की सेहत का एक अहम हिस्सा हैं। लोग अक्सर इसे सिर्फ प्रेग्नेंसी या फर्टिलिटी से जोड़कर देखते हैं, लेकिन पीरियड्स शरीर की सेहत के बारे में भी कई जरूरी बातें बताते हैं। आमतौर पर 28 से 35 दिनों के बीच आने वाले पीरियड्स को सामान्य माना जाता है। अगर हर महीने पीरियड्स की तारीख बदल रही है या बार-बार देर से आ रहे हैं, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसकी वजह हार्मोन में बदलाव, तनाव, खराब खानपान, नींद की कमी या कुछ बीमारियां हो सकती हैं। तो चलिए आपको एक ऐसे घरेलू नुस्खे के बारे में जो शरीर को गर्माहट देने और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, जिससे पीरियड्स समय पर आने में सहायता मिलती है।



### हल्दी और अदरक वाला दूध

हल्दी और अदरक की तासीर गर्म होती है। यही वजह है कि इन्हें शरीर में गर्माहट बढ़ाने और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करने वाला माना जाता है। खासकर पेल्विक एरिया में रक्त संचार बेहतर होने से गर्भाशय की मांसपेशियां सक्रिय हो सकती हैं, जिससे पीरियड्स शुरू होने की प्रक्रिया को सहयोग मिलने की संभावना रहती है। इसके अलावा, हल्दी और अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। ये शरीर की सूजन कम करने में मदद कर सकते हैं। साथ ही पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और ऐंठन से राहत दिलाने में भी इन्हें लाभकारी माना जाता है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन शरीर में गर्माहट पैदा करता है, जबकि अदरक हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में सहायक माना जाता है।

### ऐसे तैयार करें यह घरेलू ड्रिंक

सबसे पहले एक गिलास दूध लें, इसमें चौथाई चम्मच हल्दी मिलाएं और लगभग आधा इंच ताजा अदरक कूटकर डाल दें। अब दूध को अच्छी तरह उबाल लें, चाहें तो पाउडर हल्दी की जगह कच्ची हल्दी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। उबालने के बाद दूध को छान लें और गुनगुना होने पर पी लें। इस पेय का सेवन दिन में एक बार किया जा सकता है।



### केवल घरेलू उपायों पर न रहें निर्भर

ध्यान रखें कि, अगर पीरियड्स लगातार कई महीनों तक अनियमित रहें या सामान्य से अधिक देरी से आए, तो केवल घरेलू नुस्खों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। ऐसी स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। कई बार हार्मोनल असंतुलन, थायरॉयड, पीसीओएस या अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी इसकी वजह हो सकती हैं। इसलिए समय पर जांच और सही उपचार करवाना महिलाओं की सेहत के लिए बेहद जरूरी है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मार्वल यूनिवर्स में 'घोस्ट राइडर' की एंट्री, रयान दिखाएंगे अलग दुनिया



'ब्लैक पैंथर' फिल्म सीरीज को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ गया है। डेविड जॉनसन को नए ब्लैक पैंथर चैडविक बोसमैन के किरदार टीचाला के बेटे के तौर पर कास्ट किया गया है। वहीं, रयान गोसलिंग मार्वल फिल्म में 'घोस्ट राइडर' का रोल करेंगे।मार्वल स्टूडियोज ने शनिवार को कॉमिक-कॉन इंटरनेशनल प्रेजेंटेशन में डेविड जॉनसन को नए ब्लैक पैंथर चैडविक बोसमैन के किरदार टीचाला के बेटे के तौर पर पेश किया और यह भी बताया कि नई मार्वल फिल्म में रयान गोसलिंग 'घोस्ट राइडर' का किरदार निभाएंगे। ये दोनों फिल्में 2028 में रिलीज होंगी। जॉनसन, ऑस्कर जीतने वाली 'ब्लैक पैंथर' फिल्म सीरीज के डायरेक्टर रयान कूगलर, लेटिशिया राइट और विंस्टन ड्यूक के साथ स्टेज पर आए। उन्होंने अपना हाथ सीने पर रखा और मुस्कुराते हुए नजर आए। ब्लैक पैंथर III, 15 दिसंबर 2028 को रिलीज होगी। 32 साल के एक्टर ने कहा, 'इस परिवार का हिस्सा बनने का मौका और आशीर्वाद मिलने के लिए मैं शुक्रगुजार हूं। मैं ज़्यादा कुछ नहीं कहना चाहता, क्योंकि मैं चाहता हूं कि स्क्रीन ही सब कुछ बयां करे।' यह एक्टर 'इंडस्ट्री', 'द लॉन्ग वॉक' और 'एलियनः रोमुलस' जैसी फिल्मों और शो में अपने किरदारों के लिए जाने जाते हैं। चैडविक बोसमैन का 2020 में निधन हो गया था।

### टॉलीवुड

## धनुष भी विजय की तरह राजनीति में लेंगे एंट्री! जनता की भलाई का किया इशारा



साउथ के स्टार एक्टर-डायरेक्टर धनुष ने एक बार फिर राजनीति में आने की अटकलों को हवा दी है। उन्होंने अपने फैन्स से कहा कि वे सिर्फ फिल्मों से जुड़े जश्न तक ही सीमित न रहें, बल्कि अपनी एकता का इस्तेमाल जनसेवा के लिए करें। फैन्स के आयोजित एक ब्लड डोनेशन कैंप में कही गई उनकी ये बातें वायरल हो गईं। इसके बाद कई लोग सोचने लगे कि क्या वह भी थलपति विजय के नक्शेकदम पर चल रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में राजनीति में कदम रखा और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। इस इवेंट में अपने फैन्स से बात करते हुए धनुष ने एकता की ताकत के बारे में बताया और उनसे अपील की कि वे जरूरतमंद लोगों की मदद करके समाज में बदलाव लाएं। उन्होंने कहा, 'इतने सारे लोग एक जगह जमा हुए हैं। इस तरह की एकता में बहुत ताकत होती है। हमें इस एकता को एक मकसद देना होगा। सिर्फ ऑडियो लॉन्च और मीटअप से आगे बढ़कर, हमें और भी ज़्यादा भलाई के कामों में शामिल होना चाहिए।' अपने इलाके के लोगों और अपने आस-पास रहने वाले परिवारों की जरूरतों को समझें और हर मुमकिन तरीके से उनकी मदद करें। आप उनकी जो भी मदद कर सकते हैं, जरूर करें। मुझे आप पर और भी अधिक गर्व महसूस होना चाहिए। मुझे यकीन है कि आप ऐसा करेंगे। इस इवेंट के वीडियो ऑनलाइन सामने आने के तुरंत बाद, लोगों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि धनुष भी थलपति विजय की तरह राजनीति में आने की तैयारी कर रहे हैं। इसी बातचीत के दौरान, धनुष ने इस साल के नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स को लेकर हो रही चर्चा पर भी अपनी बात रखी।

### भोजपुरी

## अमाल ने तनिष्क को दी चेतावनी, लगाए ये संगीन आरोप



सिंगर-कंपोजर अमाल मलिक ने वे सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए हैं, जिनमें उन्होंने साथी म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची पर कई आरोप लगाए थे। हालांकि, म्यूजिशियन ने अब साफ किया है कि वे अपनी कही बातों पर अब भी कायम हैं। अमाल ने तनिष्क बागची पर म्यूजिक की नकल करने और दूसरों के काम का श्रेय लेने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम लेकर धमकाया जा रहा था। इसके अलावा, अमाल ने दावा किया कि तनिष्क ने एक महिला से शादी का वादा करने के बाद कथित तौर पर उसका भावनात्मक शोषण किया था। 26 जुलाई को एक्स पर शेयर किए गए एक नए बयान में अमाल ने बताया कि पोस्ट हटाने का फैसला सिर्फ अपनी टाइमलाइन को साफ-सुथरा रखने के लिए था। उन्होंने कहा कि यह कदम साफ सोच के साथ उठाया गया था और वे अपनी बात पर कायम हैं कि उन्होंने जरूरी कदम उठा लिए हैं। हटाए गए पोस्ट को लेकर हो रही अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए, अमाल ने साफ किया कि वे पहले लगाए गए आरोपों से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने लिखा कि पोस्ट हटाना सिर्फ अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कचरा हटाने का एक तरीका था न कि इस बात का संकेत कि उन्होंने अपना रुख बदल लिया है। सिंगर ने इस बात पर भी बात की कि उन्होंने अभी क्यों आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि आरोप सार्वजनिक करने का फैसला लेने से पहले वे वर्षों तक चुप रहे। उन्होंने लिखा, 'अपने गुस्से को दबाए रखने के लिए लगभग 10 साल तक बहुत सब्र करना पड़ा। आज एक दशक बाद, मुझे आवाज उठानी पड़ी, क्योंकि कोई भी सही चीज के लिए खड़ा नहीं होना चाहता।' उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री के उन लोगों की आलोचना की जिन्हें उन्होंने घटिया लोग कहा। पोस्ट हटाने के बाद भी, अमाल ने अपने ताजा बयान में तनिष्क बागची पर निशाना साधना जारी रखा। यह दावा करते हुए कि उन्होंने एक बहुत बुरे आदमी के बारे में सच सामने ला दिया है, अमाल ने कहा कि उन्हें यकीन है कि कर्म अपना असर दिखाएगा।

रामायण के ट्रेलर लांच में रकुल प्रीत सिंह किसी अप्सरा से कम नहीं दिखीं। ब्राइट यलो कलर की सिल्क की साड़ी पर गोल्डन जरी की लाइनिंग वाली डिजाइन बनी थी। ब्लाउज को हाईलाइट करने के साथ सिंपल ड्रैपिंग साड़ी को ट्रेडिशनल लुक देने के लिए काफी दिख रही थी। ओपन शोल्डर पल्लू को इस तरह से कंधे पर रखा गया था कि उनका ऑफ शोल्डर ब्लाउज साड़ी की खूबसूरती को इनहैंस कर रहा था।




## सावन में मेहंदी लगाना सिर्फ आस्था ही नहीं, स्वास्थ्य के लिए भी है फायदेमंद

भारत में मेहंदी सिर्फ एक सजावटी चीज नहीं, बल्कि यह परंपरा, आस्था और स्वास्थ्य से जुड़ी हुई है। विशेषकर सावन के महीने में जब हरियाली और भक्ति का माहौल होता है, तब महिलाएं अपने हाथों को हरे रंग की मेहंदी से सजाती हैं,जो रचने के बाद लाल रंग का निखार लेकर आती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सावन में मेहंदी लगाने के पीछे की क्या वजह है? मेहंदी के क्या-क्या फायदे हो सकते हैं और सावन में महिलाओं के मेहंदी रचाने की वजह दोनों ही खास हैं। आइए जानते हैं मेहंदी लगाने के फायदे और सावन में मेहंदी रचाने के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व के बारे में।



**मेहंदी लगाने के फायदे :** मेहंदी की तासीर ठंडी होती है, जो शरीर और मस्तिष्क को शांति देती है। साथ ही तनाव कम करती है। मेहंदी में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो स्किन इन्फेक्शन से बचाती है। यह त्वचा के लिए फायदेमंद होती है। इससे सिरदर्द और बुखार में राहत मिलती है। हथेली और तलवे पर मेहंदी लगाने से बुखार और सिरदर्द में आराम मिलता है। मेहंदी की खुशबू और ठंडक नसों को शांत करती है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। शादी, तीज, करवा चौथ या सावन हर त्योहार पर मेहंदी से हाथ सजाना महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है।

**मेहंदी लगाने का धार्मिक महत्व :** सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और हरा रंग उन्हें बेहद प्रिय है। यह माह हरियाली और प्राकृतिकता के करीब रहने का है। ऐसे में मेहंदी का हरा रंग शिव भक्ति का प्रतीक माना जाता है।

### शुभता और सौभाग्य का प्रतीक

मान्यता है कि मेहंदी लगाने से पति का प्रेम और सौभाग्य बढ़ता है। इसलिए वैवाहित महिलाओं उन सभी मौकों पर मेहंदी लगाती हैं, जो उनके वैवाहिक जीवन से संबंधित पर्व हो, जैसे सावन, वटसावित्री व्रत, करवा चौथ और तीज।

### पर्यावरण से जुड़ाव

सावन में हरियाली की पूजा होती है और मेहंदी भी एक हरे पौधे से बनती है। यह प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है।

### स्वास्थ्य का पहलू

इस मौसम में बारिश के साथ ही उमस भी होती है। इस उमस में ठंडक का अहसास दिलाने के लिए मेहंदी लगाई जाती है ताकि महिलाओं का शरीर और मन शांत रहे।

## सावन में जा रही हैं मायके तो ऐसे सजें-संवरें कि तारीफें ना थमें




सावन का महीना हर किसी के लिए बेहद खास होता है। इस महीने में हिंदू धर्म के लोगों के बीच कई मान्यातएं भी प्रचलित हैं, जिनमें से एक है नयी दुल्हनों का सावन में मायके जाना। शादी के बाद जब किसी लड़की का पहला सावन पड़ता है, तो इसमें वो अपने मायके जाती हैं। ऐसे में उनका खूब सजना और संवरना तो बनता है।

**ग्रीन फ्लोरल साड़ी :** शादी के बाद पहला सावन मायके में बिता रही हैं तो अपने साथ ऐसी हरे रंग की फ्लोरल साड़ी अवश्य लेकर आएं। ऐसी साड़ी पहनकर जब आप अपने मायके में चाची, ताई से मिलने जाएंगी, तो वो आपकी नजर उतारने से खुद को रोक नहीं पाएंगी। ऐसी साड़ी के साथ पल्लु को सही से सेट करें, और बालों में जूड़ा बनाएं।

**ग्रीन ऑर्गेंजा साड़ी :** ऑर्गेंजा साड़ी आज-कल काफी ट्रेंड में है। ऐसे में आप अपने लिए ऐसी साड़ी का चयन कर सकती हैं। ऐसी साड़ी पहनकर आप हरियाली तीज की पूजा में भी बैठ सकती हैं। इसे कैरी करते समय पल्लु को खुला रखें और बालों में स्लीक बन बनाएं। ये लुक देखने में काफी खूबसूरत लगेगा।

**ग्रीन शरारा सूट :** साड़ी पहनने का मन नहीं है तो ऐसा हरे रंग का शरारा सूट आप कैरी कर सकती हैं। हरे रंग का शरारा पहनकर आप काफी कंफर्टेबल रहेंगी। इसके साथ कानों में हैवी झुमके पहनें और अपने बालों को हाफ ब्रेडेड बनाकर टाई करें। ये लुक आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा।



**ग्रीन अंगरखा सूट :** अनारकली और अंगरखा सूट देखने में एक जैसा लगता है, लेकिन आपको सावन के लिए सिर्फ अंगरखा सूट ही कैरी करना है। अंगरखा सूट ऊपर से अलग डिजाइन का होता है। इसके साथ एक साइड में दुपट्टा लें और अपने बालों को कर्ल करके खुला रखें। बस आपका लुक परफेक्ट लगेगा।

**इंडो वेस्टर्न आउटफिट :** सूट और साड़ी पहनकर मन भर गया है तो इस तरह का इंडो वेस्टर्न आउटफिट कैरी करें। इस तरह का इंडो वेस्टर्न आउटफिट आपको एकदम बॉस लेडी लुक देगा। तो बस साड़ी-सूट को छोड़कर अपने लिए ऐसा इंडो वेस्टर्न आउटफिट तैयार करें।

## हरे रंग की साड़ी के साथ पहनें इन रंगों वाले ब्लाउज, लगेंगी सबसे सुंदर

हरे रंग की साड़ी पारंपरिक कपड़ों में एक खास जगह रखती है। सावन के दौरान व्रत-त्योहारों पर इस रंग की साड़ी पहनने का चलन बढ़ जाता है। यह न केवल आकर्षक दिखती है, बल्कि धार्मिक मान्यताओं से भी जुड़ी होती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे विपरीत रंगों के ब्लाउज के बारे में बताएंगे, जो आपकी हरी साड़ी के साथ बहुत खूबसूरत लगेंगे और आपको एक खास लुक देंगे।

**लाल रंग का ब्लाउज :** लाल रंग का ब्लाउज हरी साड़ी के साथ बहुत अच्छा मेल करता है। यह जोड़ी न केवल देखने में आकर्षक लगती है, बल्कि यह आपको एक शाही लुक भी देती है। लाल ब्लाउज पर हल्की कढ़ाई या चमकदार पत्थर लगे हों तो यह और भी सुंदर दिखता है। इस रंग का ब्लाउज पहनकर आप किसी भी व्रत या त्योहार पर खास दिख सकती हैं और आपका लुक बेहद मनोहर लगेगा।



### नीले रंग का ब्लाउज

नीले रंग का ब्लाउज भी हरी साड़ी के साथ बहुत अच्छा लगता है। यह रंग न केवल ताजगी भरा लगता है, बल्कि आपको एक अलग ही आकर्षण देता है। नीले रंग का ब्लाउज खासकर गर्मियों में पहनने के लिए सही होता है, क्योंकि यह आपको ठंडक देता है और आरामदायक महसूस होता है। इसके अलावा नीले रंग के गहने या अन्य सजावट पहनकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं।

### पीले रंग का ब्लाउज

पीले रंग का ब्लाउज हरी साड़ी के साथ बहुत अच्छा मेल करता है। यह जोड़ी न केवल देखने में आकर्षक लगती है, बल्कि यह आपको एक शाही लुक भी देती है। पीले रंग का ब्लाउज पर हल्की कढ़ाई या चमकदार पत्थर लगे हों तो यह और भी सुंदर दिखता है। इस रंग का ब्लाउज पहनकर आप किसी भी व्रत या त्योहार पर खास दिख सकती हैं और आपका लुक बेहद मनोहर लगेगा।

## श्रृंगार के लिए काफी खास माना जाता है आलता, पैरों में बनाएं खूबसूरत डिजाइन

सावन का शुभ महीना प्रारंभ होने वाला है। महिलाओं की श्रृंगार के लिए भी यह माह काफी खास माना जाता है। माना जाता है कि महादेव और गौरी की पूजा करते समय महिलाओं को 16 श्रृंगार करना चाहिए। इन्हीं श्रृंगारों में से एक है आलता। जिसे लगाने से पैरों की खूबसूरती बढ़ जाती है।

**आलता से भरें पैर :** अगर आप अपने पैर को पूरे आलता से सजाना चाहती हैं, तो यह डिजाइन आपके लिए अच्छा ऑप्शन हो सकता है। यह देखने में भी काफी खूबसूरत है। शादी के मौके पर महिलाएं इस डिजाइन का खासतौर से प्रयोग करती हैं।

**बेल डिजाइन :** आप अपने पैरों पर आलता से बेल का डिजाइन बना सकते हैं। इससे आपके पैरों की खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे। यह ध्यान रखें कि बेल को थोड़ा मोटा बनाएं, जो दिखने में आकर्षक लगे।



**जिगजैक डिजाइन :** पैरों पर यह डिजाइन बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आलता को ब्रश में लगाएं और पैरों पर जिगजैक के आकार में डिजाइन बनाएं। फिर इस डिजाइन के बीच में गोल डिजाइन बनाएं। इससे आपके पैरों की खूबसूरती बढ़ जाएगी।

**मेहंदी और आलता :** आप पैरों में मेहंदी लगाने के बाद आलता से भी पैरों को भर सकती हैं। मेहंदी और आलता का कॉम्बिनेशन से आपके पैरों की सुंदरता बढ़ जाएगी। यह डिजाइन आपके लिए परफेक्ट हो सकता है। आप इस डिजाइन को अपने पैरों में शादी या किसी फेस्टिवल पर लगा सकती है।

**आलता से बनाएं खूबसूरत गोल टिक्की :** इस डिजाइन को बनाने के लिए आप पैरों में दो रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप पैरों पर खूबसूरत गोल टिक्की बना सकती हैं, फिर दूसरे कलर से महीन बेल की डिजाइन बना लें। पैरों में बनी यह गोल टिक्की बेहद खूबसूरत दिखती है।

कार्नर न्यूज

अलग-अलग तरीकों से लेयर करके दिया जा सकता है खास लुक

## अपने टैंक टॉप को इन तरीकों से लेयर करके पहनें, मिलेगा ट्रेंडी लुक, नजर आएंगी सबसे अलग

सही लेयरिंग से आप अपने टैंक टॉप को न केवल आकर्षक बना सकती हैं, बल्कि भीड़ से अलग भी नजर आ सकती हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप टैंक टॉप को नई शैली में पहन सकती हैं और हर मौके पर बेहतरीन दिख सकती हैं।



### जैकेट को लेयर करें

टैंक टॉप के ऊपर एक अच्छी फिटिंग वाली जैकेट पहनना बहुत अच्छा लगता है। आप चमड़े की जैकेट चुन सकती हैं, जो ठंडे मौसम में गर्मी देने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखाती है। इसके अलावा डेनिम जैकेट भी एक अच्छा विकल्प हो सकती है, जो रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त लुक देती है। जैकेट का रंग और डिजाइन ऐसा चुनें, जो आपके टैंक टॉप के रंग से मेल खाता हो, ताकि आपका लुक संतुलित और आकर्षक लगे।

### शर्ट के साथ पहनें

अगर आपके पास एक बड़ी शर्ट है तो उसे अपनी टैंक टॉप के ऊपर बांधें। यह तरीका न केवल आपको अलग दिखाएगा, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाएगा। इसके अलावा आप शर्ट को टैंक टॉप के ऊपर पहनकर भी एक ट्रेंडी आउटफिट बना सकती हैं। इसके साथ आप टोपी, डेनिम स्कर्ट या जींस और स्नीकर्स पहन सकती हैं। इस तरह का आउटफिट कॉलेज जाने या कैजुअल दिनों के लिए सही रहेगा।

### दो टैंक टॉप स्टाइल करें

इन दिनों महिलाएं एक नहीं, बल्कि 2 टैंक टॉप के साथ में पहनना पसंद करने लगी हैं। यह एक नया फैशन ट्रेंड है, जो आपको भी खास लुक दे सकता है। इसके लिए 2 मेल खाते रंगों वाले टैंक टॉप लें, जो अलग-अलग फिटिंग वाले हों। इन्हें एक साथ पहनें और अपनी पसंद के हिसाब से सेट कर लें। इसके साथ ढीली वाइड लेग जींस पहनें और ढेर सारे गहनों के साथ लुक को पूरा करें।



### लंबे कार्डिगन के साथ पेयर करें

लंबे कार्डिगन आपके टैंक टॉप को एक नया अंदाज दे सकते हैं। यह न केवल आपको गर्म रखेगा, बल्कि आपके लुक को भी खास बना देगा। कार्डिगन का रंग ऐसा चुनें, जो आपके टैंक टॉप से मेल खाता हो या फिर विपरीत रंग का हो, ताकि वह अलग दिखे। इसे जींस या लेगिंग के साथ पहनें, जिससे आपका लुक और भी आकर्षक लगेगा। इस तरह की लेयरिंग आपके फैशन सेंस को निखारेगी और आपको स्टाइलिश दिखाएगी।

### ब्लेजर का चयन करें

ब्लेजर एक ऐसा कपड़ा है, जो हर मौके पर फिट बैठता है। आप अपने टैंक टॉप के ऊपर एक फिटेड ब्लेजर पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक पेशेवर लगेगा। ब्लेजर का रंग ऐसा चुनें, जो आपकी टैंक टॉप से मेल खाता हो ताकि आपका पूरा लुक संतुलित और आकर्षक लगे। इस तरह की लेयरिंग आपके फैशन सेंस को निखारेगी और आपको स्टाइलिश दिखाएगी। इस लुक को ऑफिस जाते वक्त अपनाना सही रहेगा।